वर्ष : 02
अंक : 325
पृष्ठ : 08
मूल्य : तीन रुपये
वाराणसी, बुधवार, 13 मार्च, 2024

RNI No. : UPHIN/2023/84879

# परिवर्तन दूत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र





# देश को मिली दस नयी वंदे भारत

## प्रधानमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेनों को किया रवाना

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अहमदाबाद में 85 हजार करोड़ रुपए की रेल प्रोजेक्ट का इनॉगरेशन किया। उन्होंने देशभर के विभिन्न राज्यों से चलने वाली 10 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद उन्होंने साबरमति आश्रम में कोचरब आश्रम का उद्घाटन किया और गांधी आश्रम स्मारक के मास्टर प्लान का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने कहा- पूज्य बापू का ये साबरमती आश्रम हमेशा से ही एक अप्रतिम ऊर्जा का जीवंत केंद्र रहा है। जब-जब यहां आने का अवसर मिलता है, तो बापू की प्रेरणा हम अपने भीतर स्पष्ट रूप से अनुभव कर सकते हैं।




उन्होंने कहा- 12 मार्च की ऐतिहासिक तारीख भी है। आज के ही दिन बापू ने स्वतंत्रता आंदोलन की धारा को बदला और दांडी यात्रा इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हो गई। सत्य-अहिंसा के आदर्श हों, राष्ट्र आराधना का संकल्प हो या गरीबों-वंचितों की सेवा करते हुए नारायण के दर्शन की भावना हो, साबरमती आश्रम आज भी बापू के इन मूल्यों को जीवित रखे हुए है। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 10 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। ये ट्रेनें अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल, सिकंदराबाद-विशाखापत्तनम, मैसूरु-डॉ एमजीआर सेंट्रल (चेन्नई), पटना-लखनऊ, न्यू जलपाईगुड़ी-पटना, पुरी-विशाखापत्तनम, लखनऊ-देहरादून, कलबुर्गी - सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरु, रांची-वाराणसी, खजुराहो- दिल्ली (निजामुद्दीन) रूट पर चलेंगीं। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा, 'मैं देश को यह गारंटी दे रहा हूं कि अगले पांच साल में आप भारतीय रेल का ऐसा काया कल्प होते देखेंगे जिसकी आपने कल्पना भी नहीं की होगी। 10 साल का काम अभी तो ट्रेलर है, मुझे तो और आगे जाना है।'

### साबरमती में कोचरब आश्रम का उद्घाटन

पीएम ने साबरमती आश्रम में पुनर्विकसित कोचरब आश्रम का उद्घाटन किया। यह 1915 में दक्षिण अफ्रीका से भारत आने के बाद महात्मा गांधी द्वारा स्थापित पहला आश्रम था। इसे गुजरात विद्यापीठ द्वारा एक स्मारक और पर्यटन स्थल के रूप में संरक्षित किया गया है। पीएम ने मोदी गांधी आश्रम स्मारक के मास्टर प्लान को भी लॉन्च किया।

इस मास्टर प्लान के तहत, आश्रम के वर्तमान पांच एकड़ क्षेत्र को 55 एकड़ तक विस्तारित किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर 36 वर्तमान भवन का जीर्णोद्धार किया जाएगा, जिनमें से 'हृदय कुंज' सहित 20 भवनों को संरक्षित किया जाएगा। इसके अलावा 13 का जीर्णोद्धार किया जाएगा और 3 का पुनरुद्धार किया जाएगा।

## एसबीआई ने चुनावी बॉन्ड्स से जुड़ी जानकारी चुनाव आयोग को भेजी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की फटकार के एक दिन बाद एसबीआई ने चुनाव आयोग को चुनावी बांड का डेटा सौंपा। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की पीठ ने समय बढ़ाने की मांग करने वाली एसबीआई की याचिका को खारिज कर दिया और उसे 12 मार्च को व्यावसायिक घंटों के अंत तक चुनाव आयोग को चुनावी बांड के विवरण का खुलासा करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने पोल पैनल को 15 मार्च को शाम 5 बजे तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर चुनावी बांड का विवरण प्रकाशित करने का भी निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को दिए अपने फैसले में इसे असंवैधानिक करार दिया था। उसी फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को निर्देश दिया था कि 12 अप्रैल 2019 के बाद से हुई चुनावी बॉन्ड की खरीद से जुड़े डीटेल्स 6 मार्च 2024 तक इलेक्शन कमिशन को सौंप दे।

## हरियाणा के 11वें सीएम बने नायब सैनी

### चंडीगढ़ स्थित राजभवन में ली शपथ



**चंडीगढ़।** कुरुक्षेत्र से भाजपा सांसद नायब सिंह सैनी हरियाणा के 11वें मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने मंगलवार शाम चंडीगढ़ स्थित राजभवन में शपथ ली। शपथ से पहले उन्होंने मंच पर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के पैर छुए। सैनी के बाद कंवर पाल, मूलचंद शर्मा, रणजीत सिंह चौटाला, जयप्रकाश दलाल और डॉ. बनवारी लाल ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। ये पांचों खट्टर कैबिनेट में भी थे। नए सीएम सैनी मनोहर लाल के करीबी हैं। 27 अक्टूबर 2023 को ही मनोहर लाल की पैरवी पर उन्हें हरियाणा भाजपा का अध्यक्ष बनाया गया था। पीएम नरेंद्र मोदी समेत भाजपा नेताओं ने सैनी को सीएम बनने पर बधाई दी। इससे पहले मंगलवार सुबह मनोहर लाल ने बीजेपी और जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) का गठबंधन टूटने के बाद मंगलवार सुबह 11.50 बजे राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। जिसके बाद चंडीगढ़ के हरियाणा निवास में विधायक दल की बैठक हुई, जिसमें सैनी को नेता चुना गया। फिर 54 साल के नायब सिंह सैनी ने राजभवन पहुंचकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। गठबंधन टूटने के बाद जेजेपी ने भी दिल्ली में अपने विधायकों की बैठक बुलाई। पार्टी के 10 में से 5 विधायक इस बैठक में नहीं पहुंचे। जजपा आज हिसार में रैली कर अगली रणनीति का ऐलान करेगी।

### गठबंधन टूटा, पर भाजपा के पास बहुमत

हरियाणा में जजपा से गठबंधन टूटा लेकिन बहुमत भाजपा के ही पास है। हरियाणा में 90 विधानसभा सीटें हैं। जिसमें से भाजपा के पास खुद के 41 विधायक हैं। 6 निर्दलीय और एक हलोपा विधायक का भी उसे समर्थन हासिल है। यानी भाजपा के पास 48 विधायक हैं। बहुमत के लिए 46 सीटें चाहिए।

## संक्षिप्त

### झारखंड : कांग्रेस विधायक के यहां ईडी का छापा

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड में कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद और उनसे कथित तौर पर जुड़े कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर धनशोधन संबंधी एक मामले की जांच के तहत मंगलवार को छापे मारे। सूत्रों ने बताया कि रांची और राज्य के कुछ अन्य शहरों में लगभग 17-18 परिसरों पर छापे मारे जा रहे हैं। अंबा (36) हजारीबाग जिले की बड़कागांव विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करती हैं। सूत्रों ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय कथित अवैध रेत खनन, जबरन वसूली और कुछ अन्य अपराधों से संबंधित कई प्राथमिकियों के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत कार्रवाई कर रहा है।

### उद्धव को चिंता करने की जरूरत नहीं- गडकरी

**मुंबई।** देश में लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां बढ़ी हुई हैं। इस बीच, केंद्रीय गृहमंत्री नितिन गडकरी ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के न्योते को हास्यास्पद बताते हुए ठुकरा दिया है। उन्होंने राज्य के पूर्व सीएम पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें इस बात की चिंता करने की जरूरत नहीं है कि भाजपा किसे मैदान में उतारती है। इससे पहले, उद्धव ठाकरे ने गडकरी को महा विकास अघाड़ी में शामिल होने और विपक्ष के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने की पेशकश की थी। उन्होंने द्वारका एक्सप्रेसवे के 19 किमी लंबे हरियाणा खंड के उद्घाटन के बारे बात करते हुए ये टिप्पणी की।

## योगी सरकार के नवनियुक्त मंत्रियों को आवंटित किए गए विभाग

### राजभर को पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग

**लखनऊ।** योगी सरकार में नवनियुक्त मंत्रियों के विभागों का मंगलवार को बंटवारा कर दिया गया। नए मंत्रियों में ओमप्रकाश राजभर को पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण, हज व मुस्लिम वक्फ विभाग का जिम्मा सौंपा गया। वहीं दारा सिंह चौहान कारागार विभाग संभालेंगे। पहली बार मंत्री बने सुनील शर्मा को सूचना प्रौद्योगिकी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग का दायित्व सौंपा गया है। अनिल कुमार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री होंगे। वहीं योगी मंत्रिमंडल के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति अब नागरिक सुरक्षा एवं होमगार्ड विभाग के मंत्री बनाये गए हैं। बता दें कि पांच मार्च को योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला मंत्रिमंडल विस्तार हुआ था, जिसमें ओमप्रकाश राजभर, दारा सिंह चौहान, सुनील शर्मा व अनिल कुमार को मंत्री बनाया गया है।



## जैसलमेर में जेट तेजस फाइटर क्रैश

### पोखरण में 'भारत शक्ति' युद्धाभ्यास में था शामिल

**जैसलमेर।** राजस्थान के पोखरण में हुए 'भारत शक्ति युद्धाभ्यास' में शामिल तेजस फाइटर जेट मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे क्रैश हो गया। यह जैसलमेर शहर से 2 किमी दूर जवाहर नगर स्थित भील समाज के हॉस्टल पर जा गिरा। तेजस के क्रैश होने की यह पहली घटना है।

घटना के समय हॉस्टल के उस कमरे में कोई नहीं था। इससे ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। पोखरण में चल रहे युद्धाभ्यास स्थल से करीब 100 किमी दूर यह हादसा जैसलमेर में हुआ है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत सेना के बड़े अधिकारी मौजूद हैं।

एयरफोर्स के अधिकारियों ने बताया- इंडियन एयरफोर्स के फाइटर प्लेन में एक ही पायलट था। उसे आर्मी हॉस्पिटल भेजा गया है। क्रैश होने से पहले वह इजेक्ट हो गया था। अचानक हुए धमाके के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई। सेना ने कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए हैं। एयरफोर्स का तेजस फाइटर जेट मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे जैसलमेर शहर के पास भील समाज के छात्रावास पर आ गिरा। पायलट ने खुद को सुरक्षित इजेक्ट कर लिया। फाइटर विमान हॉस्टल के जिस कमरे के ऊपर क्रैश हुआ, उस कमरे में कोई नहीं था। हॉस्टल में कुल 5 कमरे बने हैं। दूसरे कमरे में रहने वाले ललित ने आंखों-देखा हाल बताया। ललित कहते हैं- मैं बीए कर रहा हूं। हादसे के समय मैं सो रहा था। अचानक तेज धमाका हुआ। इसके बाद मेरी नींद खुल गई।



## लालू के करीबी अमित कात्याल के घर पहुंची ईडी

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद के परिवार के कथित 'करीबी सहयोगी' अमित कात्याल द्वारा प्रवर्तित एक रियल्टी और शराब कंपनी के खिलाफ धनशोधन जांच के सिलसिले में मंगलवार को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में विभिन्न परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। कात्याल को पिछले वर्ष ईडी ने कथित 'नौकरी के बदले रेलवे भूमि' घोटाले में गिरफ्तार किया था। इस घोटाले में प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, बेटी एवं सांसद मीसा भारती एवं कुछ अन्य कथित रूप से संलिप्त हैं। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली, गुरूग्राम और सोनीपत में 'कृष्ण बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेडइ के कुल 27 परिसरों की धनशोधन रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत तलाशी की जा रही है। इस कंपनी के प्रवर्तक अमित कात्याल और राजेश कात्याल हैं। यह कंपनी हरियाणा से संचालित होती है। सूत्रों ने बताया कि ईडी की जांच का संबंध कंपनी के प्रवर्तकों द्वारा घर खरीददारों की 400 करोड़ रुपये की धनराशि की कथित हेराफेरी और उन्हें विदेश में खपाने से है। ईडी ने आरोप लगाया कि अमित कात्याल ने घर खरीददारों की 200 करोड़ रुपये से अधिक रकम श्रीलंका भेजी। सूत्रों के मुताबिक उनके बेटे कृष्ण कात्याल ने अपना भारतीय पासपोर्ट अधिकारियों को सौंप दिया है।

## लोकसभा चुनाव : कांग्रेस की दूसरी लिस्ट जारी

### नकुलनाथ , वैभव सहित 43 उम्मीदवारों के नाम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को लोकसभा उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट का ऐलान कर दिया। इसमें 43 उम्मीदवारों के नाम हैं। मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ को छिंदवाड़ा से तो राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को जालोर से टिकट दिया गया है। इससे पहले 8 मार्च को जारी कांग्रेस की पहली लिस्ट में 39 नामों का ऐलान किया गया था।


नकुलनाथ वैभव गहलोत

इस तरह कांग्रेस अब तक 82 नामों का ऐलान कर चुकी है। लिस्ट में 76.7% उम्मीदवारों की उम्र 60 साल से कम है। कांग्रेस पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की दूसरी बैठक सोमवार शाम को हुई थी। दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और सीईसी मेंबर्स शामिल हुए। बैठक में राजस्थान और उत्तराखंड के वरिष्ठ कांग्रेस नेता भी मौजूद रहे।

सीईसी की पहली मीटिंग 7 मार्च को हुई थी। 8 मार्च को 39 सीटों के लिए पहली लिस्ट जारी की थी। इसमें छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, लक्षद्वीप, मेघालय, नगालैंड, सिक्किम, तेलंगाना और त्रिपुरा की लोकसभा सीटों के लिए नामों की घोषणा की गई। इनमें से 16 केरल से, सात कर्नाटक से, 6 छत्तीसगढ़ से और 4 तेलंगाना से थे। जबकि मेघालय से दो और नगालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम और लक्षद्वीप से एक-एक नाम सामने आए। इन 39 उम्मीदवारों में से 15 सामान्य वर्ग से हैं और 24 एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग से हैं।

## फ्लैट देने के नाम पर 30 लाख की ठगी, मुकदमा दर्ज

**गाजियाबाद।** दिल्ली निवासी एक महिला ने गाजियाबाद में टीला मोड़ की बिल्डर कंपनी के अधिकारियों पर फ्लैट दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर 30 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दिल्ली के लक्ष्मीनगर निवासी शालिनी शर्मा ने टीला मोड़ थाने में केस दर्ज कराते हुए बताया कि उन्होंने 5.21 लाख रुपये देकर ऑक्सीरिच संस्कृति भिवाड़ी में एक अपार्टमेंट की बुकिंग कराई थी। कुछ दिन बाद कंपनी ने बताया कि यह निर्माण फेल हो गया है। आप दूसरी कंपनी में निवेश कर कर सकते हैं।

## सीएए पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका

### मुस्लिमों को भी मिले नागरिकता

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा सिटिजनशिप अमेंडमेंट एक्ट 2019 (सीएए) का नोटिफिकेशन किए जाने के एक दिन बाद ही इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने इस पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि पहली नजर में यह एक्ट गैर संवैधानिक है और ऐसे में सीएए पर रोक लगाई जाए। सुप्रीम कोर्ट में सीएए को पहले ही चुनौती दी गई थी जो मामला पहले से पेंडिंग है। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) इस मामले में मुख्य याचिकाकर्ता रहा है। सुप्रीम कोर्ट में आईयूएमएल की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अंतरिम आवेदन दाखिल किया गया है और कहा गया है कि सीएए के अमल पर रोक लगाई जाए। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल आवेदन में कहा गया है कि इस मामले में बनाया गया नियम मनमाना है। साथ ही कहा गया है कि नागरिकता से संबंधित नियम धर्म के साथ जोड़ा गया है और इसमें जो आधार बनाया गया है उसमें धर्म के नाम पर वर्गीकरण किया गया है और ऐसे में यह पहली नजर में गैर संवैधानिक है और ऐसे में सुप्रीम कोर्ट से गुहार है कि सीएए के अमल पर रोक लगाई जाए।

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल आवेदन में यह भी कहा गया है कि पिछले साढ़े चार साल से सीएए को लागू नहीं किया गया और ऐसे में जब तक इस मामले में दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला नहीं आ जाता तब तक इसके अमल पर रोक लगाई जाए। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल आवेदन में कहा गया है कि मामला कोर्ट में है और अगर सिटिजनशिप एक्ट के तहत अगर किसी को नागरिकता दी गई और सुप्रीम कोर्ट इस कानून को गैर संवैधानिक बता देता है तो फिर एक अजीबोगरीब स्थिति हो जाएगी। याचिकाकर्ता ने कहा कि वह किसी भी माइग्रेंट को नागरिकता देने के खिलाफ नहीं है लेकिन यह धर्म के आधार पर नहीं होना चाहिए। याचिका में कहा गया है कि सीएए धर्म के नाम पर भेदभाव करता है इसलिए यह सेक्युलरिज्म के सिद्धांत के खिलाफ है और वह बेसिक स्ट्रक्चर का पार्ट है।

## हरियाणा में वोट बांटने का 'राजनीतिक सर्कस': कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के इस्तीफे से जुड़े घटनाक्रम को लेकर मंगलवार को दावा किया कि पहले से तय पटकथा के अनुसार यह 'राजनीतिक सर्कस' शुरू हुआ है ताकि जाति विभाजन के आधार पर वोट बांटा जा सके। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह वक्त बदलाव का है और जो हरियाणा में देखने को मिल रहा है वही पूरे देश में होने जा रहा है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और उनके साथी कैबिनेट मंत्रियों ने प्रदेश के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को मंगलवार को इस्तीफा दे दिया और पार्टी विधायक दल ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नायब सैनी को अपना नया नेता चुना है जो राज्य के अगले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, वक़्त है बदलाव का। जो भगदड़ आज हम हरियाणा में देख रहे हैं, वो किसान, नौजवान व पहलवान के दबाव में हो रही है और यही देश में भी होने जा रहा है। कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, हरियाणा में पूर्व निर्धारित 'स्क्रिप्ट' के आधार पर हरियाणवियों को जाति के विभाजन में बांट वोट बटोरने का 'राजनीतिक सर्कस' शुरू। साढ़े नौ साल की खट्टर सरकार की नाकामी और नकारापन से बचने के लिए गठबंधन तोड़ने का पूर्व निर्धारित ड्रामा।

### जाति आधारित जनगणना कराना हमारी पार्टी की गारंटी : जयराम रमेश

**नंदुरबार।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले में कहा कि जाति आधारित जनगणना कराना हमारी पार्टी की गारंटी है। कांग्रेस महासचिव रमेश ने पार्टी नेता राहुल गांधी की (भारत जोड़ो न्याय यात्रा) के अंतिम चरण में महाराष्ट्र में प्रवेश करने से पहले संवाददाताओं से कहा, हमने गारंटी दी है कि सामाजिक, आर्थिक और जाति जनगणना होनी चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, यह हमारे समाज का एक्स-रे है जो हमें विभिन्न जातियों की जनसंख्या और हमारे देश की संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी दिखाएगा। यह हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों में उनकी हिस्सेदारी को भी प्रतिबिंबित करेगा। भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समापन मुंबई में होगा, जहां राहुल गांधी 17 मार्च को जनसभा को संबोधित करेंगे।



## सीएए के खिलाफ असम में बड़े आंदोलन की तैयारी

### गुवाहाटी सील, बनाये जा रहे हैं अस्थायी जेल

**गुवाहाटी।** देश में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) सोमवार से लागू हो गया है। 2019 में जब इसका कानून संसद में पारित हुआ था, तब देश में कई जगह विरोध हुआ था। गुवाहाटी में ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (आसू) के बैनर तले लोग सड़कों पर उतरे थे और हिंसा भड़की थी। इसके बाद सीएए का मामला थम गया था। बीते दिनों जब गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव से पहले सीएए लागू करने का बयान दिया, उसके बाद आसू ने विरोध की तैयारी शुरू कर दी थी। इस बार 30 जनजातीय संगठन और 16 दलों का विपक्षी मंच विरोध में उतरा है। एक दिन पहले आसू ने राज्य में 12 घंटे की भूख हड़ताल भी की थी। अब मंगलवार से राज्य में इनके प्रदर्शन शुरू हो जाएंगे। असम पुलिस सूत्रों के मुताबिक विरोध रोकने के लिए गुवाहाटी में जगह-जगह बैरिकेडिंग कर दी गई है। कई थाना क्षेत्रों के खाली परिसरों में अस्थाई जेलें बनाई जा रही हैं। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो इस बार आंदोलन उग्र हुआ तो ये राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर असर पड़ेगा। सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, राजनीतिक दलों को सीएए के खिलाफ बंद की घोषणा करने से पहले गुवाहाटी हाई कोर्ट का आदेश ध्यान में रखना चाहिए, अन्यथा उन दलों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया जा सकता है। इस पर असम जातीय परिषद के प्रवक्ता जियाउर रहमान ने कहा, हाईकोर्ट के आदेश की गलत व्याख्या की जा रही है। जब बात पहचान के संकट की हो तो लोग सड़क पर आएंगे। ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन के महासचिव शंकर ज्योति बरुआ ने बताया कि सीएए असम के सांस्कृतिक और जनसांख्यिकीय ताने-बाने के लिए खतरा है।

## चार राज्यों में 30 ठिकानों पर एनआईए का छापा

### लॉरेंस बिश्नोई से भी जुड़े तार

**नई दिल्ली।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने मंगलवार को पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश और चंडीगढ़ के 30 ठिकानों पर छापा मारा है। एनआईए खालिस्तान-गैंगस्टर केस में एक्शन ले रही है। इसके अलावा एनआईए के पास इनपुट है कि इन चार राज्यों में कई बदमाश ऐसे हैं जो लॉरेंस बिश्नोई और उसके जैसे ही गैंगस्टर्स के साथ जुड़े हैं। ये बदमाश गैंगस्टर्स के कहने पर रंगदारी-फायरिंग जैसी घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में थे। छापेमारी के लिए एनआईए की टीम सुबह करीब 5-6 बजे ही अलग-अलग राज्यों की पुलिस के साथ संदिग्धों के ठिकानों पर पहुंची। मध्य प्रदेश के भोपाल और पंजाब के फरीदकोट में टीम ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ करना भी शुरू कर दिया है। एनआईए को संदेह है कि इन बदमाशों के विदेश में बैठे गैंगस्टर्स से भी तार जुड़े हैं। पंजाब के फरीदकोट के कोटकपूरा में नरेश कुमार के घर पर टीमें पहुंची हैं। एनआईए ने गैंगस्टर गोल्डी के रिश्तेदार से मिले डॉक्यूमेंट्स के आधार पर नरेश के घर रेड की है। इसके अलावा मोगा के बिलासपुर गांव में भी टीम तकरीबन 22 साल के नौजवान रविंदर सिंह से पूछताछ कर रही है। हरियाणा में बिजनेसमैन के मर्डर के बाद राजस्थान के 4 जिलों में एनआईए की रेड चल रही है। मर्डर के आरोपियों से हुई पूछताछ के आधार पर जोधपुर, चूरू, झुंझुनूं और बीकानेर में 10 से ज्यादा जगहों पर सर्चिंग जारी है। एजेंसी को इनपुट मिला है कि इन जिलों में लॉरेंस गैंग के बदमाशों ने भी ठिकाने बना रखे हैं।




एनआईए मध्यप्रदेश में तीन जिलों में छापेमारी की कार्रवाई कर रही है। टीम ने भोपाल के खानूगांव से एक युवक को हिरासत में लिया है। युवक के खालिस्तानी संगठन से जुड़े होने का इनपुट एनआईए को मिला था। इसके अलावा खंडवा और बड़वानी में टीम की कार्रवाई जारी है। जांच एजेंसी को पता चला था कि विदेशों में बैठे आतंकवादी संगठन देश के उत्तरी राज्यों में हत्याओं और हिंसक घटनाओं को अंजाम देने के लिए नेताओं और संगठित आपराधिक गिरोहों के सदस्यों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

# बनारस को तीसरे वंदे भारत की सौगात

## प्रधानमंत्री ने दिखाई हरी झंडी, जनऔषधि केंद्र और रेल कोच रेस्टोरेंट का भी लोकार्पण

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी को मंगलवार को तीसरी वंदेभारत ट्रेन की सौगात दी। बनारस से रांची चलने वाली 'वंदे भारत एक्सप्रेस' का सुबह नौ बजे आगाज हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रेन का वर्चुअली उद्घाटन किया। ट्रेन रांची से चल कर लोहरदगा, टोरी, डाल्टनगंज, गढ़वारोड, पीडीडीयू स्टेशन होते हुए आठ घंटे में बनारस पहुंचेगी, जिसका बनारस स्टेशन पर स्वागत किया गया। पीएम मोदी बनारस रेलवे स्टेशन पर ह्यएक स्टेशन एक उत्पाद' और प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र आउटलेट का भी लोकार्पण किया। बनारस रेल कारखाना में लोको शेड/पिट लाइन/कोचिंग डिपो का शिलान्यास किया। वाराणसी सिटी रेलवे स्टेशन पर स्थापित रेल कोच रेस्टोरेंट का लोकार्पण भी किया।




**एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉलों का लोकार्पण** - एनईआर वाराणसी मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि बनारस रेलवे स्टेशन, सारनाथ एवं वाराणसी सिटी रेलवे स्टेशनों पर एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉलों का लोकार्पण पीएम ने वर्चुअली किया। इसके साथ ही बनारस स्टेशन पर प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र और वाराणसी सिटी स्टेशन पर रेल कोच रेस्टोरेंट का भी लोकार्पण किया। बनारस पर ब्लैक पॉटरी, लकड़ी के खिलौनों और बनारसी सादी, सारनाथ स्टेशन पर फूड प्रोडक्ट (मिठाई) समेत मौसमी फल एवं वाराणसी सिटी रेलवे स्टेशन पर फूड प्रोडक्ट्स(पापड़) मूंग के लड्डू,लकड़ी के खिलौने व साड़ी का स्टॉल लगाया गया है। जिससे यात्रियों को स्टेशन पर ही सजावटी सामान परिधान एवं अल्पाहार उपलब्ध हो रहा है। तीनों स्टेशनों पर लाइव प्रसारण का इंतजाम किया गया है।

**वन स्टेशन वन प्रोडक्टह्य (ओएसओपी) योजना शुरू-** एनईआर के पीआरओ अशोक कुमार ने बताया कि रेल मंत्रालय ने ह्यवोकल फॉर लोकलह्य दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' (ओएसओपी) योजना शुरू की है। बनारस स्टेशन पर इसके लिए स्टॉल बनाए गए हैं। रेलवे स्टेशनों पर बिक्री आउटलेट के प्रावधान के माध्यम से काशी के कारीगरों, कुम्हारों, बुनकरों/हथकरघा बुनकरों, शिल्पकारों आदि को आजीविका के बेहतर अवसर प्रदान करना है। स्टालों में भगवान कृष्ण की पीतल की मूर्ति और फोटो फ्रेम, कालीन, चिकन जरी जरदोजी परिधान, कृषि हर्बल उत्पाद, टेराकोटा की कलाकृतियां, जूट उत्पाद, अचार, जैम, जेली, केचप, काला नमक चावल, ब्लैक पॉटरी, लकड़ी के खिलौने और केले के फाइबर उत्पाद आदि सहित विभिन्न प्रकार के उत्पाद शामिल हैं।

**आने-जाने का समय-** ट्रेन संख्या 20887 रांची-वाराणसी वंदे भारत रांची स्टेशन से सुबह 5.10 बजे खुलेगी। दोपहर 1 बजे वाराणसी स्टेशन पहुंचेगी।

### वाराणसी के खाते में चार वंदे भारत

देश की सेमी हाईस्पीड वंदे भारत की संख्या वाराणसी में अब चार हो गईं। पहले से नई दिल्ली-वाराणसी रूट पर दो वंदे भारत चल रहीं हैं। अब 12 मार्च से प्रदेश की राजधानी लखनऊ से बिहार की राजधानी पटना और झारखंड की राजधानी रांची-वाराणसी रूट पर दो और नई वंदे भारत ट्रेन का संचालन हो गया। इस तरह वाराणसी के खाते में चार वंदे भारत ट्रेन आ गईं। चार वंदे भारत ट्रेन के संचालन वाला कैंट स्टेशन पूर्वांचल का पहला स्टेशन बन गया। जबकि पीडीडीयू नगर दूसरे नंबर पर है, पीडीडीयूनगर से सिर्फ दो ही वंदे भारत आवाजाही करेंगी।

## हमारी 'करप्शन कला' का अद्भुत नमूना पारदर्शी सड़क!

### सड़क धंसने पर सपा अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर कसा तंज

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** सिगरा चौराहे से रथयात्रा मार्ग पर सोमवार दोपहर अचानक सड़क धंस गई। वाहनों की रफ्तार के बीच चौराहे पर सड़क बड़े गड्ढे में तबदील हो गई। सड़क धंसने के मामले को सपा अध्यक्ष ने संज्ञान लिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने मंगलवार को अपने एक्स पर सड़क धंसने की वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा कि, देश के 'प्रधान संसदीय क्षेत्र' में धरती की गोद में समायी भ्रष्टाचार की सड़कङ्घ। शुक्र मनाइए कि जी20 के समय ऐसा नहीं हुआ, नहीं तो भाजपा सरकार को विदेशी मेहमानों से कहना पड़ता ये है हमारी ह्यकरप्शन कलाह्न का अद्भुत नमूना : पारदर्शी सड़क! भाजपा सरकार कह रही है भ्रष्टाचार करनेवालों के खिलाफ हम बुलडोजर चलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं लेकिन क्या करें हमारी बनाई कोई सड़क बुलडोजर का वजन उठाने लायक बनी ही नहीं है। भ्रष्टाचारी भाजपाई कह रहे हैं हमारी नीयत में खोट नहीं है, काम में भले है।




### अचानक हुआ हादसा

दरअसल, कैंट-रथयात्रा मार्ग पर सिगरा चौराहा के पास सोमवार दोपहर दो बजे के आसपास लगभग 15 फीट के व्यास में सड़क धंस गई। संयोग से उस समय रेड सिग्नल के चलते कैंट से रथयात्रा की ओर जाने वाले और दूसरी लेन में रथयात्रा की ओर से कैंट की ओर जाने वाले वाहन चौराहा के पास खड़े थे। सैकड़ो आंखों ने पहली बार सड़क धंसते देखा। एक बार धंसने के लगभग 30 मिनट बाद सड़क दूसरी ओर धंस गई। इसे देख कई लोग रोमांचित थे तो अनेक सहम भी गए। मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस के जवानों ने स्थानीय लोगों की मदद से प्रभावित सड़क के चारो ओर बैरिकेडिंग करवाई। फिर, चौराहा से रथयात्रा की ओर जाने वाली लेन पर यातायात रोक दिया गया। इसका असर शहर के बड़े इलाके में भयानक जाम के रूप में सामने आया।

## संपूर्णानंद विवि में नियमित हवन-पूजन शुरू

### दस साल से बंद पड़ी यज्ञशालाओं में प्रज्वलित हुई अग्नि

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में 10 साल से बंद पड़ी यज्ञशालाओं में मंगलवार को अग्नि जलाई गई है। इसी के साथ संस्कृत विश्वविद्यालय में विश्व कल्याण के लिए महायज्ञ की शुरूआत हो रही है। वेद विभाग रोज छात्रों और प्रोफेसरों के द्वारा यज्ञ और हवन कराएगा। विश्वविद्यालय में 234 के इतिहास में पहली बार विश्वविद्यालय में हर दिन यज्ञ और हवन का काम शुरू किया गया है। कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि शास्त्रीय रीति से यज्ञ कराया जा रहा। वनस्पतियों की पवित्र औषधियों




से की हवन-सामग्री तैयार की गई है। इनकी आहुति से पर्यावरण से गंदगी दूर होगी। इस यज्ञ के नाम 'चतुर्वेद स्वाहाकार विश्वकल्याण महायज्ञ' से क्लियर है कि चारों वेदों का पाठ होगा। विश्व कल्याण के लिए यहां पर महायज्ञ किया जा रहा है। वाराणसी के आर्किटेक्ट आरसी जैन और व्यवसायी आर के चौधरी इस हवन के लिए नियमित तौर पर हवन सामग्री मुहैया कराएंगे। शास्त्रीय रीति-नीति से यज्ञ कराने और बाकी व्यवस्था के लिए विश्वविद्यालय के वेद विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. महेंद्र पांडेय और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विजय कुमार शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि प्राचीन कला से ही सनातन परंपरा में सुख-सौभाग्य और पर्यावरण की शुद्धि के लिए यज्ञ और हवन करने का प्रचलन रहा है। कई तरह के रोगों, कीटाणुओं और वायरस के संक्रमण से बचा जा सकेगा। ऐसा करने वालों को पॉजिटिव एनर्जी आती है। शरीर स्वस्थ और विचार शुद्ध होते हैं।

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जुटेंगे दिग्गज कलाकार

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** दुर्गाकुंड स्थित मणि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन बुधवार को किया जाएगा। इसमें दिग्गज कलाकार प्रस्तुति देंगे। ख्यात भजन गायक अनूप जलोटा और भरत शर्मा प्रस्तुति देंगे। मंदिर प्रबंधन की ओर से समारोह की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समारोह के मुख्य संयोजक और धर्मसंघ के महामत्री पंडित जगजीतन पांडेय ने बताया कि इस बार पहले दिन 13 मार्च को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ होगा। महोत्सव के पहले दिन प्रख्यात भजन सम्राट अनूप जलोटा भजनों की धारा बहाएंगे। दूसरे दिन पंचकोसी परिक्रमा और शिव कथा का आयोजन किया जाएगा। 14 को बिहार के जाने-माने भजन गायक आर्यन बाबू और 15 मार्च को भरत शर्मा व्यास भजन प्रस्तुत करेंगे।

## पीएम ने देखी काशी के बेटियों की ऊंची उड़ान

### वाराणसी की 5 ड्रोन पायलट ने बिहार व 4 ने प्रयागराज से किया ड्रोन का प्रदर्शन

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** प्रधानमंत्री ने काशी की बेटियों की ऊंची उड़ान देखी। वाराणसी की 9 ड्रोन दीदी ने बिहार के मोतिहारी और प्रयागराज में इफको से ड्रोन का प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री ने दिल्ली से 'अमृत काल में नारी शक्ति से संवरता विकसित भारत' (सशक्त नारीझविकसित भारत) कार्यक्रम में इसे वर्चुअली देखा। इन महिलाओं को हिंदुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड और इफको ने प्रशिक्षण दिलाया है। महिला ड्रोन पायलट को रिमोट पायलट ट्रेनिंग का सर्टिफिकेट मिल चुका है। प्रशिक्षित महिलाओं को 15 लाख की कीमत का ड्रोन और इलेक्ट्रिक ऑटो भी प्रदान किया गया। नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत महिलाओं को ड्रोन उड़ाने का प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ा गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिलाओं को



आत्मनिर्भर बनाने में जुटे हैं। डबल इंजन की सरकार की नीतियां महिलाओं के जीवन में पंख लगा रही है। गांव की पगडंडियों से निकल कर महिलाओं के हौसले आसमान में उड़ने लगे हैं। इसका नजारा बिहार के मोतिहारी व प्रयागराज में दिखाई दिया, जहां प्रधानमंत्री ने दिल्ली से वाराणसी की महिलाओं की उड़ान देखी। वाराणसी के मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने बताया कि वाराणसी की 9 महिलाओं को प्रशिक्षण के बाद रिमोट पायलट ट्रेनिंग का सर्टिफिकेट मिल चुका है, जिससे वे कृषि कार्य के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर सकती है। ऐसी ही वाराणसी की 5 महिला ड्रोन पायलट ने बिहार के मोतिहारी और 4 महिला ड्रोन पायलट ने इफको प्रयागराज से ड्रोन उड़ाकर डेमो दिया है। रिमोट पायलट ट्रैनिंग का सर्टिफिकेट प्राप्त कर चुकीं ड्रोन पायलट महिलाएं ड्रोन से खेतों में कीटनाशक से लेकर नैनो यूरिया आदि तक का छिड़काव करेंगी, जिससे इन्हें आय भी होगी। सभी महिलाओं को हिंदुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड और इफको ने निःशुल्क ड्रोन उड़ने का प्रशिक्षण दिया है। महिलाओं को प्रोफेसर जयशंकर तेलंगाना राज्य कृषि विश्वविद्यालय की ड्रोन अकादमी में 10 दिन की ट्रेनिंग दिलाई गई थी। इसके बाद तीन दिनों की ड्रोन फ्लाई की एडवांस ट्रेनिंग भी इन महिलाओं को दी गई है।

### संक्षिप्त खबरे...

#### संविवि में अंतर संकाय खेल स्पर्धा आज से

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** संस्कृत विश्वविद्यालय में चार दिवसीय अंतर संकाय खेलकूद प्रतियोगिता 13 मार्च से होगी। विश्वविद्यालय के खेल मैदान में प्रतियोगिता का उद्घाटन कुलपति प्रो. बिहारीलाल शर्मा करेंगे। यह जानकारी शारीरिक क्रीड़ा विभाग के सहायक आचार्य डॉ सत्येंद्र यादव ने दी।

#### राजस्व टीम पर फसल उखड़वाने का आरोप

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** ग्राम पंचायत सरसौल के किसानों ने रास्ते के विवाद का निबटारा करने पहुंची राजस्व टीम पर हरी फसल उखड़वाने का आरोप लगाया। नायब तहसीलदार सुलखा सिंह ने बताया कि रास्ते पर अतिक्रमण की शिकायत पर टीम आई और कब्जा मुक्त कराया गया।

#### आयकर कर्मियों ने शुरू किया धरना

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।**आयकर कर्मचारी महासंघ का तीन दिवसीय धरना शुरू हुआ। मकबूल आलम रोड स्थित आयकर भवन में पहले दिन कर्मचारियों ने आठ सूत्री मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया और प्रधान आयकर आयुक्त डॉ. हरिगोविंद सिंह को ज्ञापन सौंपा। संगठन के सचिव राजकुमार सिंह ने कहा कि ड्राफ्ट रिक्रूटमेंट रुल, नियमित वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने, खाली पदों को तत्काल प्रोन्नति से भरने आदि मांगों के समर्थन में धरना-प्रदर्शन किया गया।

#### रिंग रोड के किनारे बनेगी सर्विस रोड

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** हरहुआ से संदहा तक रिंग रोड किनारे-किनारे सर्विस लेन भी बनेगी। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को इसकी घोषणा की। इस पर 116 करोड़ रुपये का खर्च प्रस्तावित है। केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय की पहल पर दो वर्ष पूर्व एनएचएआई की ओर से सर्विस लेन का प्रस्ताव मंत्रालय को भेजा गया था। अधिकारियों के मुताबिक सर्विस लेने के लिए जमीन अधिग्रहित की जा चुकी है। साथ ही हरित क्षेत्र का भी निर्धारण हो चुका है।

#### नौकरी के नाम पर 29 हजार की ठगी

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** छोटा लालपुर निवासी सौरभ जायसवाल से नौकरी के नाम पर 29 हजार रुपये की ठगी की गई। उसने लालपुर-पाण्डेयपुर थाने में तहरीर दी है। सौरभ जायसवाल को एक ग्रुप से जोड़ा गया था। जॉब के नाम पर खाते का डिटेल लेकर 29 हजार रुपये उड़ा दिए।

#### आंगनबाड़ी केन्द्र का किया लोकार्पण


**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** चिरईगाव विकास खण्ड के ग्राम पंचायत डुबकियां में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र का ब्लाक के सीडीपीओ विजय कृष्ण उपाध्याय ने लोकार्पण किया। गांव की आंगनबाड़ी कार्यकत्री को केन्द्र की चाबी सौंपी। इस मौके पर ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, संजीव सिंह,अरविन्द सिंह,साहब सिंह, विजय तिवारी आदि मौजूद रहे।

#### कविता में गढ़े जाते हैं नित नए प्रतिमान

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** कविता में नए प्रतिमान गढ़े जाते हैं। आज की कविता शिविरों में आबद्ध होकर बिखर रही है। ये बातें कवि डॉ. इंदीवर ने कहीं। वह कबीरचौरा स्थित मूलगादी में आयोजित प्रो. उर्मिला काव्य संध्या में विचार व्यक्त कर रहे थे। प्रो. श्रीप्रकाश शुक्ला ने कहा कि इस दौर में सामाजिक चुनौती को स्वीकार कर साहित्य सृजन होना चाहिए। प्रो.सुरेंद्र प्रताप, कबीरमठ के पीठाधीश्वर संत विवेक दास ने भी विचार व्यक्त किए।

## पोल से झुका टांसफॉर्मर दे रहा हादसे को दावत

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** पिंडरा के हरहुआं क्षेत्र में अमावर के पास चौरा माता मंदिर के समीप लगे ट्रांसफॉर्मर से बिजली की सप्लाई लंबी होती है। वहीं देखने से ये प्रतीत हो रहा है कि 2 पोल पर लगे ट्रांसफॉर्मर एक पोल को छोड़कर एक तरफ को लटक गया है। और एक पोल भी टेढ़ा हो गया है।इसी ट्रांसफॉर्मर से पूरे गांव को विद्युत सप्लाई की जाती है। वही ग्रामीणों का कहना है कि इसकी शिकायत हम लोगो ने बिजली विभाग को किया था। अगर ऐसे ही रहा तो ट्रांसफॉर्मर जमीन पर गिर सकता है। हम लोग पीने के पानी को मोहताज हो जाएंगे। इसकी सुधार के लिए न कोई देखने आया और ना ही एक पोल पर लटके ट्रांसफॉर्मर को अब तक ठीक किया गया । ग्रामीणों का कहना है कि अगर ऐसे ही कुछ दिन लटका रहा तो कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है।ग्रामीण बताते हैं कि कभी-कभी तो चिंगारी भी निकलने लगता है।



ग्रामीणों ने कहा कि जब कोई बड़ा नेता गांव में आता है तो ग्रामीण अपनी बात रखते है। इसको बनवाने का परन्तु नेता लोग सिर्फ आश्वासन देते हैं। लेकिन लगे ट्रांसफॉर्मर कुछ और ही बयां कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय से बिजली विभाग द्वारा अगर जल्द से जल्द बनवाया नहीं गया तो हम लोग पावर हाउस का धरना प्रदर्शन करेंगे। वही ग्रामीणों ने जब हरहुआं पावर हाउस के जेई लालब्रत प्रजापति से इस बारे में बात किया गया तो उन्होंने बताया कि स्थिति की जानकारी लेकर सुधार कर दिया जाएगा।

### काशी में बनेगा जैन सर्किट

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** काशी में बौद्ध सर्किट की तरह अब जैन सर्किट भी बनेगा। पर्यटन विभाग ने इसके लिए प्राथमिक सर्वे करा लिया है। काशी चार जैन तीर्थंकरों की जन्मस्थली रही है। ऐसे में हर साल लगभग 10 लाख जैन अनुयायी काशी आते हैं। ऐसे में काशी में जैन सर्किट विकसित करने की पहल की जा रही है। काशी में चार जैन तीर्थंकरों का जन्म हुआ। उन्होंने अपना कर्म क्षेत्र भी काशी को ही बनाया था। सांतवें तीर्थंकर सुपार्श्वनाथ का जन्म भदैनी, आठवें तीर्तंकर चंद्रप्रभु का जन्म चौबे के चंद्रावती में, 11वें तीर्थंकर का जन्म श्रेयांशनाथ का जन्म सारनाथ और 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ का जन्म भेलूपुर में हुआ है। तीर्थंकरों की जन्मस्थली को देखने और साधना करने के लिए हर साल 10 लाख से अधिक जैन अनुयायी वाराणसी आते हैं। पर्यटन विभाग के अधिकारियों के अनुसार हर साल अच्छी-खासी तादाद में जैन अनुयायी काशी आते हैं। ऐसे में काशी में जैन सर्किट भी विकसित किया जाएगा।

## देश के उत्थान के लिए करें मतदान

### सुबह-ए-बनारस क्लब ने चलाया अभियान

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मछोदरी स्थित श्री स्वामीनारायण मंदिर के महंत स्वामी प्रेम स्वरूप दास जी के आह्वान पर सामाजिक संस्था सुबह-ए-बनारस क्लब की ओर से बुलानाला क्षेत्र में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों से देश के उत्थान के लिए मतदान की अपील की। साथ ही लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। संस्था के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल, संरक्षक कमला प्रसाद सिंह एवं उपाध्यक्ष अनिल केसरी ने कहा कि मतदान एक राष्ट्रीय पर्व के समान है हम अपने मतों का इस्तेमाल करके 5 साल के लिए देश का भविष्य तय करते हैं। कभी-कभी एक भी वोट निर्णायक साबित हो जाता है। लोकतंत्र के मजबूती के लिए हर किसी को मतदान करना आवश्यक है।




कार्यक्रम में गणेश सिंह, प्रहलाद तिवारी, चंद्रशेखर सिंह चौधरी, राजकुमार सिंह, भइयालाल यादव, राजेश सिंह, विजय गुप्ता, प्रहलाद पटेल,पप्पू रस्तोगी, विजय जायसवाल, दिनेश शर्मा,श्याम दास गुजराती, बीडी टकसाली, ललित गुजराती, सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

### 10 से अधिक गांवों आज बाधित रहेगी बिजली

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** विद्युत वितरण खंड द्वितीय बरईपुर अंतर्गत संचालित विद्युत वितरण उपखंड लालपुर से अगले आज कुछ घंटे बिजली बाधित रहेगी। लालपुर फीडर से बुधवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। लालपुर फीडर क्षेत्र में तारों की मरम्मत के लिए करीब 7 घंटे तक बिजली गुल रहेगी। विद्युत आपूर्ति बाधित रहने के संबंध में बिजली विभाग के जेई दीपू कुमार ने जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि लालपुर फीडर अंतर्गत दर्जन से अधिक गांव आते हैं। जहां बुधवार को सुबह से शाम तक तक 7 घंटे बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। विद्युत विभाग के जेई ने लोगों से 9 बजे से पहले अपने जरूरी काम निपटना लेने की अपील की है। सुबह 10 से शाम 5 बजे तक गौर, खालिसपुर, डंगहरिया, डोमेनपुर, तख़्खू बौली, प्रतापपुर, भिखीपुर, अर्जुनपुर, राजपुर, करधना, लालपुर अमिनी, सहित दर्जनों गावों से कुल 10,000 से अधिक उपभोक्ता बिजली कटौती से प्रभावित होंगे।

## अब फोरमैन ट्रेप से बचायेंगे बैगन की खेती

### निदेशक बोले- फसल को नहीं बर्बाद कर पाएंगे कीड़े

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** बैंगन की फसलों में फल एवं तना छेदक कीट किसने की खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा देते हैं। बैगन में इस कीट के लगने के कारण किसान बहुत बड़ी समस्या को झेलते हैं। जिस बैगन से उन्हें हजारों लाखों का फायदा होना चाहिए कीट के लगने के कारण उसी सब्जी की खेती से किसानों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ती है। इस कीड़े की रोकथाम के लिए किसान कीटनाशी रसायनों का प्रयोग करते हैं जो एक तरह से जहर होता है। ऐसे में वाराणसी स्थित भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान फोरमैन ट्रैप विधि का प्रचार-प्रसार कर रहा है। निदेशक के अनुसार बिना रसायन के ये विधि खेत में कीड़ों से मुक्ति दिलाएगी। सब्जी अनुसंधान संस्थान की पहल भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान बैगन की फसल में कीटनाशकों के आधिकाधिक प्रयोग को बंद करने का प्रयास कर रहा है। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि इन जीवांशी और कीटनाशी रसायनों के अधिक प्रयोग से किसान के खुद के स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पड़ता है। जहर युक्त रसायन मिट्टी की स्वास्थ्य को और पर्यावरण को भी हानि पहुंचती है। भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के



निदेशक डॉ तुषार क्रांति बेहरा कहते हैं कि किसानों को रसायनों के कुप्रभावों, दुष्परिणामों से परिचित कराया जा रहा है। डॉ तुषार कांति बेहरा कहते हैं कि इसके लिए वैज्ञानिकों की टीम गांव में जाकर के किसानों को फेरोमेन ट्रैप का प्रयोग करने की सलाह दे रही है। कीटों के नियंत्रण का जैविक उपाय है फेरोमेन ट्रैप फेरोमेन ट्रैप एक जैविक उपाय है जिससे बैगन की फसल में कीट की रोकथाम हो जाती है।इस ट्रैप के द्वारा बैंगन के फल एवं तना छेदक कीडे.खेत से समाप्त भी हो जाते हैं और फसल को नुकसान भी नहीं पहुंचता है।संस्थान के निदेशक डॉक्टर तुषार कांति बेहरा कहते हैं कि इस कार्य के लिए संस्थान के वैज्ञानिकों की एक टीम बना दी गई है जो किसानों के खेत पर पहुंचकर उन्हें इस ट्रैप के फायदे को बता रही है। वैज्ञानिकों की टीम में डॉ.

### तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** जागेश्वर महादेव मंदिर में तीन दिवसीय स्वामी बाल कृष्ण यति जी महराज नूतन प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। इसके उपलक्ष्य में मंगलवार को मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर भ्रमण किया। वहीं झांकी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। तीन दिनों तक मंदिर में विविध आयोजन होंगे। पहले दिन मंदिर से भव्य झांकी निकाली गई। बड़ी संख्या में महिलाएं व कन्याएं सर पर कलश लिए जय जय कार के बीच चल रही थीं। गेरुवा झंडा लिए पुरुष भी जय जय कार के बीच चल रहे थे। महाराज जी की अलौकिक झाकी सजाई गई थी। इस पर लोग पुष्पांजलि अर्पित करते रहे। कार्यक्रम में पहुंचे राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्रा दयालु ने कहा कि मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया है।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

### बाइक से पति लेकर जा रहा था जौनपुर ट्रक ने मारा धक्का

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** फूलपुर थाना क्षेत्र के पिंडरा बाजार में मंगलवार को सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। महिला अपने पति और बच्चे के साथ थी। अचानक तेज रफ्तार ट्रक उसे रौंदते हुए निकल गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। फूलपुर थानाध्यक्ष संजय मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। इसके साथ ही मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, पिंडरा बाजार निवासी दिनेश चौरसिया अपनी पत्नी वंदना (35) और 4 साल के बच्चे को लेकर जौनपुर किसी कार्य के लिए जा रहा थे। वह घर से तैयार होकर बाइक से पिंडरा बाजार पहुंचे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक बाइक में टक्कर मारते हुए निकल गई। इस हादसे में बाइक से नीचे गिरने पर वंदना ट्रक की चपेट में आ गई। इस हादसे में वंदना की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हादसे के बाद मौके से चालक ट्रक लेकर वाराणसी की तरफ फरार हो गया। हादसे में दिनेश और उनके बच्चे को मामूली रूप से चोट आई है। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। फूलपुर थानाध्यक्ष संजय मिश्रा ने बताया कि एक सड़क हादसे की सूचना मिली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही मामले की जांच पड़ताल कर रही है। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में मुख्तार दोषी

## कोर्ट आज सुनाएगी फैसला, फर्जी हस्ताक्षर से लिया था लाइसेंस

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** बांदा जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे अंतरराज्यीय गिरोह (आईएस-191) के सरगना मुख्तार अंसारी को गाजीपुर के फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में अदालत ने दोषी पाया है। विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) अवनीश उपाध्याय की अदालत बुधवार की दोपहर 12 बजे मुख्तार अंसारी को सजा सुनाएगी। अदालत में अभियोजन की ओर से एडीजीसी विनय कुमार सिंह और अभियोजन अधिकारी उदय राज शुक्ला ने पक्ष रखा। मुख्तार की ओर से सीनियर वकील श्रीनाथ त्रिपाठी ने लिखित बहस के साथ सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट की रूलिंग दाखिल की थी। दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद अभियोजन अधिकारी उदयराज शुक्ला और एडीजीसी विनय सिंह की ओर से भी रूलिंग



दाखिल की गई। कोर्ट ने बहस के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है।

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई पेशी**

अभियोजन के अनुसार 36 साल पहले फजीर्वाड़ा कर दोनाली बंदूक का लाइसेंस लेने के मामले में आरोपी मुख्तार अंसारी के खिलाफ विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) अवनीश गौतम की अदालत में सुनवाई हुई। बांदा जेल से मुख्तार अंसारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुआ। अभियोजन अधिकारी उदय राज शुक्ल और एडीजीसी विनय कुमार सिंह ने दलील दी कि मुख्तार ने लंबे समय तक शस्त्र का उपयोग किया था। मुख्तार के खिलाफ कोर्ट में अब तक 10 गवाही हुई है।

**17 महीने में सात मामलों में सजा**

माफिया मुख्तार अंसारी पर अब तक कुल 65 मामले दर्ज हो चुके हैं। जिनमें से 7 मामलों में मुख्तार को सजा हो चुकी है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान एमपी-एमएलए कोर्ट ने एक और मामले में दोषी पाया है। जिसमें कोर्ट कल फैसला सुनाएगा।

## भैरव तालाब परिसर के सात दिवसीय शिविर का उद्घाटन

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कृषि विज्ञान एवं तकनीकी संकाय भैरव तालाब परिसर के स्वयं सेवकों का सात दिवसीय आवासीय शिविर लोकबंधु राजनारायण कन्या विद्यापीठ गंजारी गंगापुर परिसर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि विज्ञान एवं तकनीकी संकाय के परिसर प्रभारी डॉ. एस.के. सिंह यादव ने दीप प्रज्वलित करके किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बलवंत कुमार सिंह की देख-रेख में शिविर संचालित किया जाएगा।

शिविर के पहले दिन पौधरोपण एवं स्वच्छता अभियान आदि कार्य किया गया। कार्यक्रम में मौके पर डॉ. प्रेमचंद सिंह , डॉ. अमन पांडेय, डॉ. शैलेंद्र श्रीवास्तव, वारिश, मंशा, सहित अन्य एवम छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बाबा की तर्ज पर पीएम ने कराया अपना श्रृंगार

### विश्वनाथ मंदिर में मोदी की पूजा पद्धति पर भड़के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्वनाथ मंदिर पूजा को लेकर सवाल खड़े किया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पीएम मोदी ने पूजा के दौरान सिर पर फूलों की माला रखी हुई है। ये बाबा विश्वनाथ की तर्ज पर अपना श्रृंगार कराया गया है। ये धर्म संगत नहीं है। उन्होंने कहा कि आज तक कभी किसी व्यक्ति का ऐसा श्रृंगार नहीं हुआ है। सवाल खड़े करते हुए पूछा कि क्या कभी किसी देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का इस तरह से श्रृंगार हुआ है? ऐसे तो बाबा विश्वनाथ का ही श्रृंगार हुआ है। वहीं, काशी के पंडितों का मानना है कि ये उनका श्रृंगार नहीं बल्कि बाबा को विश्वनाथ को चढ़े मौर को प्रसाद के तौर पर उनके सिर पर रखा गया था। अजय राय ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री बनारस के थे, उन्होंने ऐसा श्रृंगार नहीं कराया। संपूर्णानंद और पंडित कमलापति त्रिपाठी यूपी



के मुख्यमंत्री थे, विश्वनाथ मंदिर से काफी जुड़े थे। लेकिन उन्होंने कभी ऐसा श्रृंगार नहीं कराया। बाबा विश्वनाथ की परंपरा का पालन करने वाले काशीराज विभूति नारायण या उनके बेटे अनंत नारायण ने भी कभी ऐसा श्रृंगार नहीं कराया था। काशी विश्वनाथ मंदिर के ट्रस्टी पंडित वेंकट रमन घनपाठी ने कहा कि ये प्रसाद के तौर पर प्रधानमंत्री को दिया गया था। बाबा विश्वनाथ को चढ़ाया विजय श्री मौर उनके सिर पर रखा गया था। हर साल ये प्रसाद के तौर पर बाबा के भक्तों को दिए जाते हैं। इस प्रसाद को अपने सिर लगाने का अर्थ यह नहीं है, कि उनका श्रृंगार किया गया है।

## अब काशी विद्यापीठ करेगा वस्त्रों का निर्माण

### वीसी ने दिव्यांगजनों को दिया विवि में निर्मित जैकेट

परिवर्तन दूत

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की नीव स्वयं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने रखी थी, जिसका उद्देश्य स्वदेशी विचार एवं स्वदेशी आवरण के निर्माण के कार्य में भारत अग्रणी रूप से विश्व का नेतृत्व करे। इसी नेतृत्व की कड़ी में काशी विद्यापीठ के टेक्सटाइल्स एवं हैंडलूम टेक्नोलॉजी और फैशन डिजाइनिंग विभाग ने अपनी पहल की। इस उद्देश्य को तीव्र गति प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने अमली जामा पहनाने का कार्य किया। महामहिम के निदेर्शानुसार टेक्सटाइल्स एवं हैंडलूम टेक्नोलॉजी और फैशन डिजाइनिंग विभाग ने ज्ञानचंद मंदित बाल विद्यालय के बच्चों के लिए



खादी का जैकेट तैयार किया, जिसे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी ने बच्चों को धारण करवाया। महात्मा गांधी के सशक्त भारत के सपनों को जीवन्त रूप देने को काशी विद्यापीठ ने एक कदम आगे बढ़ा दिया है। टेक्सटाइल्स एवं हैंडलूम टेक्नोलॉजी और फैशन डिजाइनिंग विभाग अब विद्यापीठ के स्वदेशी विचारों से ओत-प्रोत विश्वविद्यालय के आवश्यक कपड़ों एवं वस्त्रों का निर्माण भी करेगा। इस दौरान कुलपति ने ज्ञानचंद मुरब्बावाला मंदित बाल विद्यालय एवं टेक्सटाइल और फैशन डाइजिंग विभागों का निरीक्षण व परीक्षण भी किया। साथ ही उन्होंने सूत बनाने से लेकर कपड़ों के निर्माण की बारिक जानकारी भी लिया। इस अवसर पर कुलानुशासक प्रो. अमिता सिंह, प्रो. संजय, डॉ. अनिता सिंह, डॉ. संदीप गिरि आदि उपस्थित रहे।

## विद्यापीठ के छात्रों ने किया बनास डेयरी का भ्रमण

### प्रबंध समिति ने दी प्लांट की जानकारी

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं..।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के भूगोल एवं भू-सूचना विभाग के विद्यार्थियों मंगलवार को करखियांव स्थित बनास काशी डेयरी संकुल का भ्रमण कराया गया। इससे पहले विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी ने छात्रों को शुभकामना देते हुए विद्यापीठ परिसर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भ्रमण के दौरान बनास डेयरी की प्रबंध समिति ने विद्यार्थियों को अमूल प्लांट की सभी इकाइयों की जानकारी दी। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने गोपालन की आधुनिक तकनीक के साथ ही दूध कलेक्शन, दूध से निर्मित होने वाली विभिन्न वस्तुओं तथा उत्पादनों की पैकिंग की आधुनिक तकनीक को नजदीक से देखा।

अमूल प्लांट के अवलोकन के दौरान विद्यार्थियों क प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वाराणसी में किए गए विकास कार्यों को प्लांट परिसर के हॉल में लगी एक बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया। इसके बाद सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट तथा बनास डेयरी में निर्मित महाप्रसाद लाल पेड़ा भेंट किया गया। इस दौरान भ्रमण संयोजिका डॉ. वंदना सिंह, डॉ. मनीष तिवारी, डॉ. मार्कंडेय सिंह यादव, डॉ. सुरेखा जयसवाल, चंद्रबली, शिवम यादव, राणा अंशुमान सिंह, बृहस्पति राज पांडेय सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## संगोष्ठी में वैदिक वांगमय में संस्कार पर चर्चा

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (सं.)।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय स्थित वेद विभाग के संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकार की ओर से एक दिवसीय राष्ट्रीय वैदिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें वैदिक वांगमय में संस्कार पर विमर्श हुआ। वक्ताओं ने संस्कार व मुहुर्त पर चर्चा की। संगोष्ठी दो सत्रों में हुई। प्रथम सत्र उद्घाटन तथा द्वितीय संपूर्ति सत्र रहा। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. बनारसी त्रिपाठी रहे। इन्होंने स्वर संस्कार पर विशेष वक्तव्य दिया। बताया कि संस्कार का तात्पर्य केवल लौकिक व्यावहारिक संस्कार ही नहीं है, अपितु किसी वस्तु क्रिया में व्याप्त उसके सम्पूर्ण गुण रहते हुए भी उसमें अन्य गुण का आधान करना ही संस्कार है। विशिष्ट अतिथि प्रो. रविंद्र भट्टाचार्य संकायाध्यक्ष





संस्कृत कलकत्ता विश्वविद्यालय ने कहा की संस्कार विहीन मनुष्य को नित्य नैमित्तिक कार्य करने का भी अधिकार नहीं है। सारस्वत अतिथि प्रो. हृदय रंजन शर्मा ने बताया की वेदों में जीवन तीन स्तर के हैं - आधिदैविक, आधिभौतिक तथा आध्यात्मिक। इन्होंने आत्मा के संस्कार की बात कही। शरीर, इन्द्रिय के साथ अंतःकरण को भी संस्कारित करना चाहिए। डॉ. सुभाष पांडेय जी ने कहा कि संस्कार सही मुहूर्त तथा सही समय में होना चाहिए, जिसका निर्देश हमारे ज्योतिष शास्त्रों में है। वर्तमान समय में स्वामी विवेकानंद और रामकृष्ण परमहंस हम नहीं उत्पन्न कर पा रहे हैं क्योंकि सही संस्कार तथा मुहूर्त का ज्ञान किसी को नहीं है। अंत में अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रोफेसर बिंध्येश्वरी प्रसाद मिश्र ने कहा कि कर्मकांड के विज्ञान को जनमानस तक पहुंचाने की आवश्यकता है आज धर्म के क्षेत्र में वेद प्रतिकूल प्रभाव आ रहे हैं।

## टेक्नेक्स 24 में शिरकत करेंगे तीन नोबेल पुरस्कार विजेता

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** आईआईटी बीएचयू के तकनीकी उत्सव टेक्नेक्स 24 में इस बार तीन नोबेल पुरस्कार विजेता शिरकत कर रहे हैं। वहीं, लेफ्टिनेंट जनरल सतीश दुआ भी आईआईटीयंस के बीच होंगे। 15 मार्च से तीन दिनों तक चलने वाले टेक्नेक्स 24 में अलग-अलग तकनीकी संस्थानों के दो हजार छात्र-छात्राओं की भागीदारी होगी। आईआईटी बीएचयू में टेक फेस्ट टेक्नेक्स का 85वां संस्करण इस बार 15 से 17 मार्च तक आयोजित किया गया है। इसके तहत आयोजित थिंक टॉक में इस बार सात खास शख्सियतें आ रही हैं। इनमें तीन नोबेल पुरस्कार विजेता रॉबर्ट जे औमन (अर्थशास्त्र), लेलैंड एच हार्टवेल (मेडिसिन) और अमेरिकी वैज्ञानिक डेविड जे वाइनलैंड (फिजिक्स) शामिल हैं।

## पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब की खेप, एक गिरफ्तार

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** कमिश्नरेट के मिर्जामुराद थाने की पुलिस ने एक कार से डेढ़ लाख रुपए की अवैध शराब बरामद की है। साथ ही राजस्थान से यूपी के रास्ते बिहार सप्लाई के लिए ले जा रहे युवक को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसे अग्रिम कार्यवाही के तहत कोर्ट में पेश कर मंगलवार को जेल भेज दिया। एडीसीपी गोमती जोन आकाश पटेल व एसीपी राजातालाब अजय श्रीवास्तव ने गिरफ्तार अभियुक्त को मीडिया के सामने पेश करते हुए बताया कि सोमवार की शाम मिर्जामुराद थाने के कार्यवाहक थानाध्यक्ष हरिनारायण शुक्ला क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस को एक फर्जी नंबर प्लेट लगी नेक्सान कार में बड़ी मात्रा में शराब राजस्थान से बिहार ले जाने की सूचना मिली। पुलिस ने क्षेत्र के किसान इंटर कालेज के सामने घेराबंदी कर कार को रोक लिया। पुलिस को सामने देख कार चला रहा युवक गाड़ी से कूदकर भाग निकला जबकि उसके दूसरे साथी को पुलिस ने दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त लकी खरेरा राजस्थान प्रान्त के अलवर जनपद का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से 1556 टेटा पैक रॉयल विश्की, 25 बोतल मैकडावेल विश्की व 15 बोतल इम्पीरियल ब्लू विश्की बरामद किया। एडीसीपी ने बताया कि इसके दो अन्य साथियों के गिरफ्तारी के लिये पुलिस की एक टीम लगा दिया गया है। छोटी गाड़ियों को भाड़े पर लेकर शराब तस्कर राजस्थान से बिहार भेजते है।

## शैलेंद्र पाठक को पक्षकार बनाए जाने पर फैसला सुरक्षित

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** ज्ञानवापी प्रकरण से जुड़े केस में मंगलवार को सिविल जज सीनियर डिवीजन (एफटीसी) प्रशांत सिंह ने सुनवाई की। ज्ञानवापी के संपूर्ण परिसर का सर्वे करने का पर बहस भी हुई। बहस प्रार्थना पत्र संख्या-432 पर 1991 के वाद में संपूर्ण सर्वे करने की अर्जी पर सुनवाई की गई। वहीं, ज्ञानवापी के 1991 के प्राचीन मूर्ति स्वयंभू ज्योतिर्लिंग मामले में वादी रहे सोमनाथ व्यास के नाती को पक्षकार बनाने के मामले में 18 मार्च की अगली सुनवाई तय की गई है। व्यास तहखाने में पूजा का अधिकार पाने के बाद शैलेंद्र पाठक ने खुद को मूल वाद में पक्षकार बनाए जाने की मांग की है।

कोर्ट ने दोपहर बाद दोनों पक्षों को तलब किया था। कोर्ट में याचिका दायर कर कई गवाहों को पेश किया, जिसके बाद कोर्ट ने सुनवाई कर फैसला सुरक्षित कर लिया। विगत सप्ताह हरिहर पांडेय के बेटों को पक्षकार बनाने की अर्जी अदालत ने खारिज कर दी थी हालांकि अदालत ने हरिहर पांडेय के नाम के आगे मृतक लिखने का आवेदन स्वीकार कर लिया था। पिछले गुरुवार को जिला एवं सत्र न्यायालय में लॉर्ड विश्वेश्वरनाथ के वादमित्र विजय शंकर रस्तोगी की तरफ से दलील दी कि हाईकोर्ट ने छह माह में मुकदमे के निस्तारण का आदेश दिया है, जिसे जल्द पूरा किया जाए।

## लमही में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** राष्ट्रीय सेवा योजना, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा मंगलवार को कबीर मठ प्राक्टय स्थल, गायत्री शक्तिपीठ एवं लमही में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। गायत्री शक्तिपीठ, नगवा के शिविर का उद्घाटन करते हुए शक्तिपीठ के प्रबंधक रमाकांत त्रिपाठी ने कहा कि गायत्री परिवार के मूल्यों में राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य समाहित है जो की अनुशासन एवं समाज में दूसरों को सर्वप्रथम अवसर देना है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा ने स्वयंसेवकों को अनुशासन के साथ अपने रुचि को निरंतर अभ्यास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है कि बात कही। प्रो.पारिजात सौरभ ने समाज में औपचारिक शिक्षा से छूटे या विरत मलिन बस्ती के बच्चों को प्रेरित कर मुख्य धारा में जोड़ने का आह्वान किया।

## अधिवक्ताओं ने किया कार्य बहिष्कार

### बोले- बैनामे के बाद चार माह में हो रहा खारिज दाखिल

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** पिंडरा तहसील के अधिवक्ताओं ने मंगलवार से न्यायिक कार्य का बहिष्कार करते हुए हड़ताल पर रहे। अधिवक्ताओं ने बताया कि जो बैनामा हो रहा है। वह मुकदमा नंबर दर्ज करने में इनको 3 से 4 महीने का समय लग रहा है। उसके बाद उसमें 35 दिन का और समय लग जा रहा है। साथ ही बैनामा होने के 4 माह बाद ही खारिज दाखिल किया जा रहा है। पिंडरा हप्ते भर बाद भी निस्तारण न होने पर तहसील पिंडरा के अधिवक्ता मंगलवार से न्यायिक कार्य का बहिष्कार करते हुए हड़ताल पर रहेंगे। अधिवक्ताओं ने बताया कि जो बैनामा हो रहा है। मुकदमा नंबर दर्ज करने में इनको 3 से 4 महीने का समय लग रहा है। उसके बाद उसमें 35 दिन का और समय लग जा रहा है यानी की 4 माह पूरा होने के बाद तब जाकर दाखिल खारिज किया जा रहा है। अधिवक्ताओं ने बताया कि इनके पहले जो अधिकारी थे, वह समय से खारिज दाखिल करा देते थे। अब लेखपाल समय से रिपोर्ट नहीं दे रहे हैं। समय से नोटिस तामील नहीं हो पा रही है। ऐसे में बैनामा लेने वाले लोग परेशान हो रहे हैं। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि इस समय यहां सही से कार्य नहीं किया जा रहा है जिसका नुकसान लोगों को भुगतना पड़ रहा है। यहां अधिकारी जरा भी ध्यान नहीं दे रहे हैं और अपने वीआईपी में परेशान हैं। यहां सुचारू रूप से कार्य न होने के कारण अधिवक्ता जन मानस सभी लोग परेशान हैं। अगर यह लोग समय से मुकदमा दाखिल करें तो ऐसी समस्या नहीं आती। यहां कोईराज गांव में अभी तक चकबंदी के बाद खतौनी ऑनलाइन नहीं हो पाई है। 5 से 6 माह बीत जाने के बाद भी अभी तक कोईराजपुर का भी निस्तारण नहीं किया गया है।

## वरुणा जोन में नौ दरोगाओं का कार्यक्षेत्र बदला

**वाराणसी।** डीसीपी वरुणा जोन श्याम नारायण सिंह ने 9 दरोगाओं का कार्यक्षेत्र बदल दिया है। चार दरोगाओं से चौकी का चार्ज ले लिया गया है। लालपुर-पांडेयपुर चौकी प्रभारी रहे शशिप्रताप सिंह को चौकी प्रभारी जाल्हुपुर (चौबेपुर) बनाया गया है। चौकी प्रभारी जाल्हुपुर (चौबेपुर) रहे दरोगा मिथिलेश कुमार को थाना रोहनिया से अटैच किया है, चौकी प्रभारी गोसाईपुर रहे अरविंद यादव को थाना शिवपुर से अटैच किया गया है. चौकी प्रभारी गंगापुर (रोहनिया) सत्यप्रकाश सिंह को थाना मंडुवाडीह से अटैच किया गया है। थाना रोहनिया पर तैनात दरोगा विपिन पाण्डेय को चौकी प्रभारी गंगापुर (रोहनिया) बनाया गया है। चौकी प्रभारी अर्दली बाजार रहे नागेंद्र चौहान को थाना सारनाथ से अटैच किया गया है। थाना कैंट पर तैनात रहे ब्रह्मदत्त मिश्रा को चौकी प्रभारी लालपुर-पांडेयपुर बनाया गया है। थाना चोलापुर पर तैनात विकास कुमार को चौकी प्रभारी गोसाईपुर (चोलापुर) बनाया गया है।

## सीएए कानून को लेकर पूरे दिन क्षेत्र में पुलिस करती रही भ्रमण

**मिर्जामुराद (वाराणसी)।** सीएए कानून लागू होने के बाद पुलिस प्रशासन काफी सतर्क हो गई है। मिर्जामुराद थाने के कार्यवाहक थानाध्यक्ष हरिनारायण शुक्ला व एसआई दिगम्बर उपाध्याय पुलिस फोर्स के साथ मंगलवार को मिर्जामुराद बाजार, खजुरी, कल्लीपुर, बेनीपुर, मेंहदीगंज, लालपुर, रूपापुर, पूरे गांव, कछवांरोड, ठठरा, छतेरी, गुड़िया, चित्रसेनपुर, बिहड़ा व संवेदनशील करधना गांव में पैदल गस्त करते रहे। कार्यवाहक थानाध्यक्ष ने कहां की पुलिस पूरी तरह से चौकन्ना होकर क्षेत्र में भम्रण कर रही है।वही लोगो से अपील भी किया जा रहा है सीएए कानून को लेकर किसी तरह की कोई भी सूचना मिलती है तो तत्काल पुलिस को सूचना दे। वही सोशल मीडिया पर भी



निगरानी रखी जा रही है। भ्रामक तथ्य फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किया जाएगा।वही क्षेत्र के चट्टी चौराहो पर पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया। इस दौरान करधना चौकी प्रभारी रोहित दूबे, कछवांरोड चौकी प्रभारी राजकुमार वर्मा, एसआई विजय यादव, रामचंद्र यादव, कांस्टेबल, रत्नेश राय, वैभव त्रिपाठी, विवेक गौतम समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## संशोधित महायोजना को लेकर वीडीए में कार्यशाला



**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** संशोधित महायोजना 2031 को लेकर वीडीए में कार्यशाला हुई। इसमें वाराणसी महायोजना 2031 के ड्राफ्ट पुस्तक का विमोचन वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने किया। इस दौरान उन्होंने संशोधित महायोजना के बारे में बताया।इस महायोजना में रिंग रोड के आसपास विकास की असीम संभावनाओं के बारे में बताया। इस मौके पर बुलाए गए बिल्डरों की समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही उन्होंने यह बताया कि यह महायोजना वीडीए की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। जिससे आम लोग भी इसे देख सकेंगे। इस मौके पर वीडीए के सदस्य अंबरीश सिंह भोला, प्रदीप अग्रहरि, साधना वेदांती वह अन्य बिल्डर आदि मौजूद रहे।

## एडीसीपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**मिर्जामुराद (वाराणसी)।** एडीसीपी आकाश पटेल द्वारा मंगलवार को मिर्जामुराद क्षेत्र के किसान इंटरमीडिएट कालेज, कम्पोजिट विद्यालय व पूर्व माध्यमिक विद्यालय, बेनीपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय, नागेपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय पर बने बूथ/मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया।एडीसीपी ने निरीक्षण के दौरान चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने हेतु की जा रही चुनाव संबन्धी तैयारियों/व्यवस्थाओं की समीझा करते हुए चुनाव की संवेदनशीलता को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने का मिजार्मुराद पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वही सभी बूथों व मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, शौचालय आदि को सुनिश्चित करने का निर्देश दिये।इस दौरान एसीपी राजातालाब अजय कुमार श्रीवास्तव, कार्यवाहक थानाध्यक्ष हरिनारायण शुक्ला, एसआई विजय यादव, एसआई दिगम्बर उपाध्याय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## लटकते हाईटेंशन तार से ग्रामीण भयभीत

### विभाग के अधिकारी समय रहते ध्यान नहीं दिये तो गाजीपुर जैसा हो सकता है हादसा

**जंसा(वाराणसी)।** बरनी विद्युत उप केंद्र के रामेश्वर फीडर के गावों में खेत के बीचोबीच लटकते हुये ग्यारह हजार (हाईटेंशन) की लाइन से ग्रामीण भयभीत है। सिर के ऊपर लटकते हुए हाईटेंशन तार से ग्रामीण खेती करने से डर रहे हैं। इस बाबत विद्युत विभाग के अधिकारियों को कई बार सूचित किया गया लेकिन उनके कान पर जूं तक नहीं रेंग रहा है। उन्हें तो गाजीपुर जैसा बड़ा हादसा होने का इंतजार है।

ग्रामीणों ने बताया कि बरनी विद्युत उप केंद्र के रामेश्वर फीडर से पेंडुका, जगापट्टी, भुईली सहित अन्य गांवों में बस्ती व खेतों के बीचों बीच ग्यारह हजार की हाई टेंशन तार वर्षों से सिर के ऊपर लटक रहा है। हाई टेंशन तार लटकाने से किसान खेती करने से डर रहे हैं। मौके पर स्थित यह है



कि अगर कोई किसान या ग्रामीण अंगड़ाई ले तो तार हाथ में स्पर्श कर जायेगा। हाथ तार में जैसे ही स्पर्श करेगा कि वह जिंदा आदमी धू धूकर जल जायेगा। पेडूका गांव में तार के सहारे लटकता हाइटेंशन पोल की वजह से चकरोड के ऊपर लटकते हुये ग्यारह हजार वोल्ट की लाइन से ग्रामीण भयभीत एवं परेशान है।

मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित जगापट्टी के ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह यादव ने बताया कि बरनी के पेडुका, जगापट्टी, भुईली, रामेश्वर, लच्छीपुर सहित आदि गावों से वर्षो पूर्व विभाग द्वारा खींचा गया हाई टेंशन तार लटका हुआ है।अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी उनकी लापरवाही का यह नतीजा है कि गांवों में सिर के ऊपर लटकते हुए हाईटेंशन तार को सही नहीं कराया। समय रहते यह तार सही नही कराया गया तो गाजीपुर जैसा दर्दनाक हादसे का पुनरावृत्ति यहां भी हो सकता है। इसलिए विद्युत विभाग के अधिकारी समय रहते इस ओर ध्यान देते हुए तत्काल प्रभाव से लटकते हुए विद्युत तार को सही करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कई बार एसडीओ व जेई से हाइटेंशन तार के ऊपर लटकते पेड़ की डालियों की छटाई (कटाई) व लटकते हुये पोल को सही कराने की मांग की लेकिन अधिकारी ध्यान नही दें रहे हैं।जिसके चलते आये दिन तार टूटकर गिरना व ट्रिपिंग की

## संपादकीय

# दक्षिण में भाजपा की रणनीति

भाजपा नीत एनडीए गठबन्धन लगातार अपना विस्तार करता जा रहा है और उत्तर से दक्षिण की तरफ कूच करता दिख रहा है। भारतीय जनता पार्टी अपने जनसंघ के काल से ही देश के विभिन्न क्षेत्रीय दलों के साथ सहयोग व गठबन्धन करने में सिद्धहस्त इस प्रकार रही है कि हर गठजोड़ के बाद इसकी जमीनी ताकत में वृद्धि हुई है। दक्षिण के राज्य आन्ध्र प्रदेश में भाजपा अपने बूते पर कोई महत्वपूर्ण राजनैतिक ताकत नहीं है परन्तु वर्तमान राजनैतिक सन्दर्भों में वे सभी क्षेत्रीय दल इसके साथ आने को बेताब लगते हैं जिनका विपक्षी इंडिया गठबन्धन के साथ कोई तालमेल नहीं है। इस राज्य की तेलुगू देशम पार्टी ने 1983 में स्थापना के बाद एक बारगी कांग्रेस का सफाया कर दिया था और इसके संस्थापक स्व. एन.टी. रामराव ने सत्ता की बागडोर अपने हाथ में ले ली थी। स्व. राव तेलुगू फिल्मों के बहुत लोकप्रिय अभिनेता थे। राजनीति में आने पर राज्य की जनता ने उन्हें तब हाथोंहाथ लिया था और उस समय के केन्द्र में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी की नेता स्व. इन्दिरा गांधी के पैरों के नीचे से जमीन खिसका दी थी, हालांकि श्रीमती गांधी भी राष्ट्रीय स्तर पर बहुत ही लोकप्रिय नेता थीं।तेलुगू देशम की स्थापना के बाद से आन्ध्र प्रदेश की राजनीति में जहां क्षेत्रीय अपेक्षाओं का प्रादुर्भाव बढ़ा वहीं इसका असर अन्य राज्यों में भी पड़ा और देखते-देखते ही इसके बाद उत्तर भारत के राज्यों में भी क्षेत्रीय दल पनपने लगे। 90 का दशक इनके लिए बहुत फलने-फूलने वाला कहा जा सकता है। इसकी जड़ में मंडल आयोग की सिफारिशें लागू होना भी माना जाता है जिसकी वजह से समूचे उत्तर भारत की राजनीति में हमें गुणात्मक बदलाव देखने को मिला, मगर इसके समानान्तर आश्चर्यजनक रूप से भाजपा का प्रभाव भी इन राज्यों में बढ़ा। इसका कारण राम मन्दिर आन्दोलन माना जाता है। राम मन्दिर आन्दोलन ने जिस सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की लहर को पूरे उत्तर भारत समेत दक्षिण के द्वार कर्नाटक तक पहुंचाया, उसी का यह परिणाम है कि भाजपा आज सांस्कृतिक पुनरुत्थान की प्रणेता बनी हुई है और इस कार्य को प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हिन्दुत्ववादी कलेवर में बाखूबी किया गया है। अब ऐसा लग रहा है कि देश का कोई क्षेत्र इससे अछूता नहीं बचा है क्योंकि केरल जैसे धुर दक्षिणपंथी राज्य से जिस तरह कांग्रेसी नेता इस पार्टी में प्रवेश कर रहे हैं उससे यही लगता है कि भाजपा का यह राजनैतिक विमर्श जमीन पर जरूर हलचल मचा रहा है। इसके साथ ही भाजपा तमिलनाडु की दूसरे नम्बर की क्षेत्रीय पार्टी अन्ना द्रमुक के साथ भी पुनः गठबन्धन करने की तैयारी में लगती है। इस पार्टी के साथ इसका पहले गठबन्धन था मगर वह टूट गया था। जहां तक आन्ध्र प्रदेश का सम्बन्ध है तो तेलगू देशम यहां की मुख्य विपक्षी पार्टी है जबकि सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस को अपने घर के भीतर से ही कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है। बेशक यह मुकाबला मुख्यमन्त्री जगन रेड्डी की सगी बहन वाईएस शर्मीला ही दे रही है जो कि पिछले दिनों ही कांग्रेस पार्टी में आई है। उनके कांग्रेस में आने के बाद से राज्य की राजनीति में कांग्रेस का प्रभाव बढ़ा है। पहले यह समझा जा रहा था कि इस बार लोकसभा चुनावों में असली मुकाबला कांग्रेस पार्टी व वाईएसआर कांग्रेस के बीच ही होगा। मगर भाजपा ने अपनी गठबन्धन की राजनीति की चौसर बिछा कर इसे त्रिकोणात्मक करने की रणनीति लागू कर दी है। राज्य में इसी वर्ष के अन्त तक लोकसभा चुनावों के बाद विधानसभा चुनाव भी होने हैं। तेलूगू देशम चाहती है कि लोकसभा की सीमित सीटें पर ही भाजपा जोर-आजमाइश करे और विधानसभा की अधिसंख्य सीटें उसके हवाले करे। जिन राजनैतिक पंडितों को भाजपा की 'मेलजोल' की राजनीति की जानकारी है वे जानते होंगे कि पार्टी ने किस प्रकार महाराष्ट्र में शिवसेना के छोटे भाई की भूमिका स्वीकार करके अपने प्रभाव क्षेत्र में जबर्दस्त इजाफा किया। दरअसल भाजपा को इस राज्य में जमाने वाली शिवसेना ही थी जिसके साथ इसका तीन साल पहले तक मजबूत गठबन्धन था। मगर यह टूट गया और ऐसा टूटा कि अब शिवसेना ही दो फाड़ हो चुकी है। अतः आन्ध्र प्रदेश में भाजपा फिलहाल तेलगू देशम के साथ कनिष्ठ भूमिका में आ सकती है मगर इसकी मार्फत वह अपना राजनैतिक सन्देश दक्षिण के इस राज्य में देने में कामयाब होगी। इसके साथ ही पवन कल्याण की जनसेना भी इस गठबन्धन की सदस्य होगी। तेलगूदेशम के साथ इसका गठजोड़ है। इसका सीधा परिणाम यह होगा कि लोकसभा चुनावों में भाजपा दक्षिण के राज्यो में भी ताल ठोकती नजर आयेगी और इस क्षेत्र में मजबूत समझी जाने वाली कांग्रेस के सामने तीसरी शक्ति बन कर उभरेगी।

# चुनाव आयोग निष्प्राणः चुनाव सुप्रीम कोर्ट करवाए

शकील अख्तर

वैसे तो लोकतंत्र बचाने की जिम्मेदारी सत्ता की है। सरकार के पास ही सब साधन होते है कि वह लोकतंत्र मजबूत करे या उसे जैसा आज खतरे में दिख रहा है वैसा पतन के मुहाने तक ले जाएं। मगर इस बार वक्त ने जिसके लिए कहा जाता है श्समय बड़ा बलवान ने विपक्ष को मौका दिया है और जिम्मेदारी भी कि वह भारत के लोकतंत्र को बचाने के लिए ऐलान कर दे कि अब इस अविश्वसनीय हो गए चुनाव आयोग के नियंत्रण में चुनाव नहीं हो सकते। पूरी तरह अस्वीकार्य। इस चुनाव आयोग का कभी नाम था। आज बदनाम है। कई देश अपने यहां निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव करवाने के लिए इससे निवेदन करते थे। नेहरू ने 1950 में चुनाव आयोग का गठन किया था। और उसके तत्काल बाद सूडान ने अपने यहां चुनाव करवाने के लिए नेहरू की सहायता मांगी थी। भारतीय चुनाव आयोग वहां गया और निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव करवा कर पूरी दुनिया में भारत की चुनाव प्रणाली का डंका पीट दिया। विश्व गुरु ऐसे होते थे। इन्दिरा गांधी द्वारा बांग्ला देश बनाने के बाद वहां के चुनावों में भारतीय चुनाव आयोग ने पर्यवेक्षक की भूमिका अदा की। अरब देशों सहित कई देशों की चुनाव प्रणाली में सुधार के लिए भारतीय चुनाव आयोग को बुलाया जाता रहा है। मगर अब यह सब दादी नानी की कहानियां हैं। बेटा एक समय था जब हमारे देश का इतना नाम हुआ करता था! आज की हकीकत यह है कि भारतीय चुनाव आयोग में केवल एक सदस्य रह गया है। एक अनूप पांडे पिछले महीने रिटायर हो गए थे। उनकी जगह भरी नहीं गई। और एक अरुण गोयल ने अभी इस्तीफा दे दिया। बचे अकेले मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार हैं। एक सदस्यीय चुनाव आयोग। यही समय है विपक्ष को जोरदार आवाज उठाना चाहिए कि इन एक बचे साहब को भी राहुल के बयानों में किस किस का नाम आया है किस का नहीं गिनने में लगाओ और चुनाव सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में करवाओ। और खबरदार किसी बाहर के आब्जर्रवर को



घुसने मत देना। भारत ने नाम कमाया है विदेशों में जाकर चुनाव करवाने में, अपने यहां वह स्थिति नहीं होने देना कि अमेरिका युरोप इंग्लैंड जो पिछले कुछ समय से हमें लोकतंत्र पर उपदेश देने लगे थे अब हस्तक्षेप भी करने लगें। वैसे तो लोकतंत्र बचाने की जिम्मेदारी सत्ता की है। सरकार के पास ही सब साधन होते है कि वह लोकतंत्र मजबूत करे या उसे जैसा आज खतरे में दिख रहा है वैसा पतन के मुहाने तक ले जाएं। मगर इस बार वक्त ने जिसके लिए कहा जाता है समय बड़ा बलवान ने विपक्ष को मौका दिया है और जिम्मेदारी भी कि वह भारत के लोकतंत्र को बचाने के लिए ऐलान कर दे कि अब इस अविश्वसनीय हो गए चुनाव आयोग के नियंत्रण में चुनाव नहीं हो सकते। पूरी तरह अस्वीकार्य।सुप्रीम कोर्ट व्यवस्था बनाए। अपनी निगरानी में चुनाव करवाए। बेलेट पेपर से हों। किसी बाहर के आब्जर्वर को सोचने कहने की भी जरूरत न पड़े इतना फुल प्रूफ इंतजाम सुप्रीम कोर्ट करवाए। हमारे चुनावों पर तो कभी किसी ने शक किया ही नहीं। 1975 की इमरजेन्सी के बाद इन्दिरा गांधी चाहतीं तो 77 के चुनाव चाहे जैसे करवा सकती थीं। मगर पूरी तरह निष्पक्ष और स्वतंत्र करवाए। और उसके बाद उतनी ही शांति से सत्ता हस्तांतरण किया। अभी अमेरिका में देखा दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र वहां हारने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने किस तरह सत्ता छोड़ने से इनकार कर दिया था। वहां भी भक्त होते हैं। वे वहां की संसद में घुस गए थे। इसलिए वहां अभी के राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि लोकतंत्र खतरे में है। पूरी दुनिया में और अमेरिका में भी। मगर भारत में उसे बचाने का एक मौका विपक्ष के पास है। अमेरिका में तो जनता इतनी जागरूक है कि वह वहां किसी भी आधुनिक मूल्य को जिनमें लोकतंत्र सर्वोपरि है कमजोर नहीं होने देगी। मगर हमारे यहां की जनता जल्दी डर जाती है। उसका भय और साहस इस पर निर्भर करता है कि कौन सा पक्ष ज्यादा ताकतवर है। अगर डराने वाला है तो वह डर जाती है। हिम्मत दिलाने वाला है तो उठ खड़ी होती है। इसलिए राहुल को इतनी ज्यादा मेहनत करना पड़ रही है। डर के खिलाफ राहुल बहुत दिनों से अभियान चला रहे हैं। मगर हमारे यहां डर की जड़ें भी बहुत गहरी हैं। प्रधानमंत्री मोदी इसी का उपयोग कर रहे हैं। और एक काल्पनिक डर दिखाकर ध्रुवीकरण करते रहते हैं। इसलिए अमेरिका और युरोप की तरह हमारी जनता खुद लोकतंत्र को बचाने के लिए पहल नहीं करेगी। यह काम विपक्ष को ही करना होगा। और समय ने उसे मौका दे दिया। चुनाव से ठीक पहले नई नियुक्तियां निष्पक्ष नहीं हो सकतीं। इसलिए नई नियुक्तियों का सवाल ही नहीं। चुनाव आयोग में पूरा प्रशासन तंत्र है। बस उसका संचालन सुप्रीम कोर्ट से होना चाहिए।विपक्ष को अड़ जाना चाहिए। राजनीति में जो भी मौके का सही उपयोग नहीं करता उसे फिर कोई नहीं पूछता है। राजनीति में मौके बार बार नहीं मिलते। यह अवसर खुद समय ने दिया है। शायद कुछ चाहता है। देश का, जनता का भला। विपक्ष एक माध्यम है। उसे यह समझना होगा कि अभी नहीं तो कभी नहीं। नियम कानून, संविधान सब उसके पक्ष में हैं। मगर उन्हें इन्टरप्रेट (व्याख्या) करना होगा। जोरदार ढंग से एकजुट होकर आवाज उठाना होगा। सुप्रीम कोर्ट स्वतरू संज्ञान ले। किसी को कोर्ट में जाने की जरूरत नहीं है। नहीं तो वहां से तो बहुत दिनों से यह तरीका चल रहा है कि जनहित, देशहित, लोकतंत्रहित की ऐसी ही किसी याचिका के जाते ही उसे निरस्त करके खबर बना दी जाती है कि कोर्ट ने ठुकराया। विपक्ष को चोट। सुप्रीम कोर्ट स्वतः संज्ञान ले। देश के लोकतंत्र की उसे भी कुछ चिंता होना चाहिए। उसी लोकतंत्र और संविधान से यह न्यायपालिका बची है। नहीं तो जैसे आरोप लगना शुरू हो गए हैं कि उसके पास लिख कर फैसले पहुंचने लगे हैं। वह फिर सबको दिखने भी लगेंगे। देश में अगर न्याय नहीं है तो फिर कुछ नहीं है। राहुल की न्याय यात्रा का नाम और उद्देश्य यही है। सबसे जरूरी बात। राजतंत्र से लेकर और उससे पहले कबीलों में भी इंसाफ हमेशा रहा है। या उसकी आवाज रही है। वह एक सबसे पुराना शासन का मूल्य है। जिसकी अवहेलना कभी कोई निरकुंश ताकत भी नहीं कर सकी है। जनता सब सह लेती है एक न्याय की उम्मीद में। और अगर वही खत्म हो जाती है तो फिर जनता नहीं सह पाती। सुप्रीम कोर्ट यह सब जानता है। हम पत्रकारों से बहुत ज्यादा जानता है। मगर जैसा कहा कि डर व्यक्ति, संस्थाओं की सारी खुबियों को हर लेता है। डरा हुआ व्यक्ति कितना ही गुणवान हो किसी काम का नहीं होता। इसलिए राहुल का सबसे बड़ा नारा है -डरो मत! खबरें दब नहीं सकतीं। गोयल की खबर भी आ रही है। जल्दी पूरी खबर आ जाएगी। उनसे पहले ही ऐसे ही एक और चुनाव आयुक्त अशोक लवासा इस्तीफा दे चुके हैं। दरअसल चुनाव आयोग जिस हद तक गिरने को तैयार है उतना सब अधिकारी नहीं गिर सकते। बहुत सीनियर आईएएस अधिकारी होते हैं। अपने पूरे कैरियर में नाम कमाने वाले। किसी गलत बात का पार्ट बनकर अपना नाम खराब करना कोई नहीं चाहता है। हर आदमी को डर या लालच से काबू में नहीं किया जा सकता है। हर क्षेत्र में कुछ लोग हमेशा होते हैं जो गलत बात से समझौता नहीं कर पाते। चुनाव आयोग आज निष्प्राण, निष्प्रभावी हो गया है। वह निष्पक्ष चुनाव नहीं करा सकता। गेंद अब विपक्ष के पाले में है। देखना है वह इसका कैसे उपयोग करता है।

# कांग्रेस से हो रहे पलायन को सिर्फ देखते रहने के लिए मजबूर क्यों हैं पार्टी के आला नेता?

ललित गर्ग

कांग्रेस के दिग्गज एवं कद्दावर नेताओं में नाराजगी, हताशा एवं राजनीतिक नेतृत्व को लेकर निराशा के बादल लगातार मंडरा रहे हैं, पार्टी लगातार बिखराव एवं टूटन की ओर बढ़ रही है। पार्टी में उल्टी गिनती चल रहा है, लेकिन आश्चर्य इस बात को लेकर है कि इस उल्टी गिनती को रोकने के लिए कोई मजबूत उपाय नहीं हो रहे हैं। पार्टी से एक के बाद एक वरिष्ठ नेता कांग्रेस का दामन छोड़ने में लगे हुए हैं, कांग्रेस छोड़ने वाले इन नेताओं में कुछ राहुल गांधी के खास रहे हैं तो कुछ सोनिया गांधी के। पहले कांग्रेस में गिनती वन, टू, थ्री से होती थी। आजकल थ्री, टू, वन से होती है। पार्टी को मजबूती देने एवं पार्टी छोड़ कर जाने वाले नेताओं को रोकने की गिनती कौन शुरू करेगा? कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले देश में एकता यात्रा और उसके बाद अब न्याय यात्रा निकाल रहे हैं लेकिन वे पार्टी के भीतरी असंतोष एवं निराशा को रोकने का अभियान क्यों नहीं शुरू करते? क्या गांधी परिवार का अहंकार एवं परिवारवादी सोच ही पार्टी के टूटने का कारण है?आगामी लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में बीते कुछ समय से शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब किसी कांग्रेस नेता के पार्टी छोड़ने की खबर न आयी हो। गत दिवस गांधी परिवार के करीबी माने जाने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी एवं पूर्व कांग्रेसी सांसद गजेन्द्र सिंह राजूखेड़ी समेत मध्य प्रदेश के कई कांग्रेसी नेता भाजपा में शामिल हो गए। इसके पहले गुजरात, असम, महाराष्ट्र और यहां तक कि केरल के भी नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। एक के बाद एक नेताओं के कांग्रेस छोड़ने का सिलसिला यही बताता है कि उन्हें पार्टी में अपना भविष्य नहीं दिख रहा है, पार्टी नेतृत्व की अपरिपक्व एवं बचकाना राजनीति एवं देश-विकास की कोई स्पष्ट नीति न होना भी इन नेताओं के पार्टी छोड़ने का कारण है। राहुल गांधी के पास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा के खिलाफ कोई मजबूत विरोधी दावे नहीं हैं, चुनाव जीतने के लिये जिस तरह की राजनीति सोच एवं एजेंडा होना चाहिए, वह भी दिखाई नहीं दे रहा हैं। जातीय जनगणना, अदाणी- अंबानी, युवाओं, महिलाओं एवं गरीबों की अनदेखी करने के खोखले एवं बेबुनियाद आरोप के अलावा और कुछ कहने को नहीं है। वे जिन समस्याएं की चर्चा करते हैं, उनका कोई कारगर समाधान उनके पास नहीं हैं। अक्सर वे समाजवादी और वामपंथी नीतियों की वकालत करते दिखते हैं, जो पहले ही नाकाम हो चुकी हैं। कांग्रेस की यह विडम्बनापूर्ण एवं बेजान स्थिति तब है, जब आम चुनावों की घोषणा होने ही वाली है। कांग्रेस से लगातार पलायन करते नेताओं की यह दर्दनाक स्थिति रेखांकित करती है कि पार्टी नेतृत्व अपने नेताओं को प्रेरित एवं रोक नहीं कर पा रहा है। इसके लिए सबसे अधिक दोषी राहुल गांधी और उनके इर्द-गिर्द के लोग हैं, जो भाजपा एवं मोदी सरकार को चुनौती देने के नाम पर घिसे-पिटे बयान देने में लगे हुए हैं।लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस को रोज एक न एक झटका लग रहा है। उसके नेता कब उसका साथ छोड़ दें पता नहीं चलता। जैसे ही कोई चुनाव शुरू होता है, उसी समय से नेताओं का कांग्रेस छोड़कर जाना शुरू हो जाता है। क्या महाराष्ट्र, क्या मध्य प्रदेश, क्या कर्नाटक, सभी राज्यों से कांग्रेस के कई बड़े नेता या तो पार्टी छोड़ चुके हैं या छोड़ने की अटकलें लग रही हैं। राहुल गांधी के सबसे नजदीकी नेताओं में शामिल रहे दिग्गज भी अब भाजपा के साथ हैं तो वहीं कांग्रेस में सोनिया गांधी के करीबी माने जाने वाले नेताओं में से रीता बहुगुणा जोशी, कैप्टन अमरिंदर सिंह और गुलाम नबी आजाद भी बहुत पहले ही पार्टी का दामन छोड़ चुके हैं। कांग्रेस से युवा नेताओं का भी मोह भंग होता जा रहा है। इसका उदाहरण मिलिंद देवड़ा, ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, अल्पेश ठाकोर, हार्दिक पटेल, सुष्मिता देव, प्रियंका चतुर्वेदी, आरपीएन सिंह, अशोक तंवर जैसे नेता हैं, जो कांग्रेस से अलग हो चुके हैं। बिहार में अशोक चौधरी, असम के वर्तमान मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा, सुनील जाखड़ के साथ अश्वनी कुमार, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हान जैसे भी नेता हैं जो पार्टी के काम करने के तरीके से नाखुश होकर पार्टी का दामन छोड़ चुके हैं। ये वे नेता हैं जिन्हें कांग्रेस ने पहचान दी, केन्द्रीय मंत्री, राज्य में मंत्री बनाया, पार्टी में बड़े पदों पर बिठाया परन्तु पार्टी के मुश्किल वक्त में वो पार्टी छोड़कर भाग रहे हैं।कांग्रेस के दिग्गज नेता जो पार्टी छोड़ चुके या छोड़ने की फिराक में है, वे नरेन्द्र मोदी एवं राहुल के बीच के फर्क को महसूस कर रहे हैं। कांग्रेसी नेता यह गहराई से देख रहे हैं कि राहुल किस तरह हमारे सैनिकों की वीरता-शौर्य-बलिदान पर सवाल उठाते रहे हैं, भारत की बढ़ती साख, सुरक्षा एवं विकास की तस्वीर को बट्टा लगाते हैं। इन नेताओं ने महसूस किया कि किन्हीं राहुल रूपी गलतबयानी की वजह से मोदी की छवि पर कोई असर नहीं पड़ा है, भारत ही नहीं, समूची दुनिया में मोदी के प्रति सम्मान एवं श्रद्धा का भाव निरन्तर प्रवर्द्धमान है। राहुल गांधी एवं उनके रणनीतिकारों की नरेंद्र मोदी, भाजपा और संघ परिवार के प्रति शाश्वत वैर-भाव एवं विरोध की राजनीति समझ में आती है लेकिन देश की छवि खराब करने, सरकार को कमजोर बता कर और मोदी जैसे कद्दावर नेता को खलनायक बनाने से उन्हें इज्जत नहीं मिलेगी। यह तो विरोध की हद है! नासमझी एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का शिखर है!! उजालों पर कालिख पोतने के प्रयास हैं!!! इसकी कीमत कांग्रेस पार्टी अपने कद्दावर नेताओं को खोकर दे रही है।दरअसल भाजपा के ताकतवर होने के बाद कांग्रेस ने कभी भी पार्टी के लगातार कमजोर पड़ते जाने को लेकर आत्मंथन नहीं किया। कांग्रेस नीति और सिद्धांत भी संदेहास्पद होते चले गये हैं। ऐसे में भाजपा ने कांग्रेस के मजबूत किले में तोडफ़ोड़ करने में कसर बाकी नहीं रखी। भाजपा ने दोतरफ से कांग्रेस का घेराव किया। एक तरफ कांग्रेस शासन के भ्रष्टाचार और गलत नीतियों को न सिर्फ उजागर किया बल्कि कई दिग्गजों पर सीबीआई और ईडी की कार्रवाई भी करवाई। दूसरी तरफ भाजपा ने कांग्रेस में सेंधमारी करके उसके मजबूत नेताओं को तोड़ा और पार्टी को हाशिए पर ले आयी। दोनों तरफ से पिटती कांग्रेस में नेताओं को लगने लगा कि इसके दिन लद गए लगते हैं, यहां उनका राजनीतिक जीवन अंधकारमय है।राहुल गांधी अपने आधे-अधूरे, तथ्यहीन एवं विध्वंसात्मक बयानों को लेकर निरन्तर चर्चा में रहते हैं। उनके बयान हास्यास्पद होने के साथ उद्देश्यहीन एवं उच्छृंखल भी होते हैं। राहुल ने पहले भी बातों-बातों में मोदी विरोध के नाम पर राष्ट्र-विरोध किया है। वह देश के प्रमुख विपक्षी दल के नेता हैं। सरकार की नीतियों से नाराज होना, सरकार के कदमों पर सवाल उठाना उनके लिए जरूरी है। राजनीतिक रूप से यह उनका कर्तव्य भी है। लेकिन उनके विरोध एवं राजनीति में वह दम-खम नहीं है जो मोदी का मुकाबला कर सके।

# भाजपा ने अपने अलग हुए सहयोगी पार्टियों के लिए खोले दरवाजे

अरुण श्रीवास्तव

ठीक 13 महीने पहले,10 फरवरी, 2023 को, नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में दुस्साहसिक दावा किया था, श्एक अकेला सब पर भारी। उन्होंने यहां तक कहा था कि श्एक व्यक्ति कई लोगों के लिए बहुत ज्यादा साबित हो रहा हैश्। उन्हें अपनी क्षमताओं, निपुणता और राजनीतिक शक्ति पर इतना भरोसा है कि उन्हें आम लोगों को श्मोदी की गारंटीश् की पेशकश करते हुए सुना गया था। अपने दस साल के शासन के दौरान उन्होंने अपने सहयोगियों को वस्तुतरू अप्रासंगिक बना दिया और उन्हें राजनीतिक दायरे से बाहर कर दिया। दुर्भाग्यवश, उसी व्यक्ति, भारतीय राजनीति के लौह पुरुष, को इंडिया गुट की चुनौती से लड़ने के लिए, अपने पूर्व सहयोगियों से वापस आने, उनके साथ शामिल होने की भीख मांगते हुए देखकर वास्तव में दया आती है। मोदी को किसी अन्य व्यक्ति की सलाह और सुझाव सुनने से नफरत है। वह सबसे बुद्धिमान व्यक्ति हैं। यह एक खुला रहस्य है कि 2014 का आम चुनाव जीतने के बाद उन्होंने तेलुगु देशम के चंद्रबाबू नायडू और अकाली दल के सुखबीर सिंह बादल जैसे नेताओं को किनारे कर दिया था, जो कभी दोनों भाजपा के सबसे मजबूत सहयोगी थे। यहां तक कि उन्होंने ओडिशा के नवीन पटनायक के नेतृत्व वाले बीजेडी को भी नजर अंदाज कर दिया था। मोदी ने उनके साथ बेहद क्रूर व्यवहार किया। मोदी ने एक स्पष्ट संदेश दिया कि उन्हें ऐसे सहयोगियों की परवाह नहीं है और वह अकेले दम पर चुनाव जीतने में सक्षम हैं, चाहे राज्य में हों या केंद्र में। हालांकि अकालियों ने तीन विवादास्पद और अब रद्द किये गये कृषि कानूनों को लेकर भाजपा से नाता तोड़ लिया था, लेकिन सच्चाई यह है कि बादल निराश महसूस कर रहे थे। 2014 के राज्य के विभाजन के बाद आंध्र से किये गये वादों को पूरा करने में केंद्र की विफलता के विरोध में तेलुगु देशम ने 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले वॉकआउट कर दिया था। नवीन भाजपा के प्रति दोहरा रवैया अपनाये हुए थे। चंद्रबाबू नायडू और उनके सहयोगी जन सेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण पहले ही भाजपा नेतृत्व के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू कर चुके हैं। दरअसल नायडू के साथ कई दौर की चर्चा हो चुकी है। मोदी बादलों की आहत भावनाओं को मनाने में भी सफल रहे हैं। उनके साथ सीटों पर बातचीत भी चल रही है। मोदी विपक्ष के प्रति इतने तिरस्कृत भाव से परिपूर्ण थे कि उन्होंने कांग्रेस की चुनौती को कभी गंभीरता से नहीं लिया। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत द्वारा बनायी गयी अलौकिक दुनिया में घूमते हुए, उन्होंने सोचा कि राहुल गांधी और गांधी परिवार के खिलाफ उनके कटाक्ष कांग्रेस को निरर्थक बना देंगे। उन्होंने कांग्रेस मुक्त भारत बनाने के लिए अपना अभियान भी चलाया। जरा सोचिए, जिस पार्टी (कांग्रेस) को प्रधानमंत्री मोदी ने महज दस साल में देश के राजनीतिक पटल से गायब कर दिया था, वह आक्रामक अंदाज में उभरने लगी है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जमीनी स्तर पर लोग राहुल गांधी के आह्वान और कदमों पर अनुकूल प्रतिक्रिया दे रहे हैं, जिन्हें सही मायनों में अभी एक विकल्प के रूप में उभरना बाकी है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस के पास उनके अलावा कोई दूसरा चेहरा नहीं है जो मोदी के नेतृत्व में भगवा दिग्गजों की एक श्रृंखला का मुकाबला कर सकें। इसे डिकोड करना भागवत और मोदी पर निर्भर है। लेकिन एक बात तो तय है कि राहुल एक नये राजनीतिक दर्शन के प्रतीक हैं। अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान वह भारतीय संविधान के मूल मूल्यों और उसकी रक्षा कैसे की जाये, इस पर बात कर रहे हैं।प्रधानमंत्री मोदी का अपने ही पूर्वानुमानों और अनुमानों पर से भरोसा उठना भाजपा के एक वरिष्ठ नेता की टिप्पणी से झलकता है। श्हम उन सभी एनडीए सहयोगियों को वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं जिन्होंने हमें छोड़ दिया था। सत्ता में बने रहने के लिए यह जरूरी है कि हमें कम से कम मौजूदा सदन में मौजूद सीटें तो मिलें। मोदी का ध्यान एनडीए के 400 का आंकड़ा पार करने पर है, जाहिर तौर पर इसे हासिल करने के लिए हमें अपने पुराने सहयोगियों को साथ लेना होगा।श् उनके मुताबिक भाजपा नेताओं को सहयोगी दलों पर धौंस नहीं जमानी चाहिए। प्रधान मंत्री मोदी और भाजपा नेतृत्व का मुख्य ध्यान दक्षिणी राज्यों पर केन्द्रित प्रतीत हो रहा है। पूर्व और उत्तर भारत के राज्य पहले से ही संतृप्ति स्तर पर पहुंचने के साथ, पार्टी दक्षिणी राज्यों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की उम्मीद कर सकती है। इसे पाने के लिए जरूरी है कि उसके पास ओडिशा, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में सीटों का बड़ा हिस्सा हो। भाजपा विधानसभा चुनाव में क्षेत्रीय दलों के लिए जगह खाली रखने के फॉर्मूले पर काम कर रही है। बिहार में भाजपा को बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। चिराग पासवान और जीतन राम मांझी को अपने ऑफर पर सहमत कराना मुश्किल हो रहा है। जद (यू) 2019 में जीती गयी अपनी16 सीटों में से कुछ सीटों पर दावा छोड़ने के भाजपा नेताओं के सुझाव से भी सहमत नहीं है।

## आज का राशिफल

मेषः- कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

वृषभः- हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

मिथुनः- निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली होगी।

कर्कः- भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा। जरूरी कायरे में आलस्य का त्याग करें।

सिंहः- पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

कन्याः- परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

तुलाः- समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

वृश्चिकः- स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

धनुः- किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुध्मित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

मकरः- बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

कुंभः- शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

मीनः- महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तिुष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# मिर्जापुर को केंद्रीय मंत्री ने दी सौगात



परिवर्तन दूत

**मिर्जापुर।** केंद्रीय मंत्री व मिर्जापुर की सांसद अनुप्रिया पटेल ने दी अपने संसदीय क्षेत्र वासियों को बड़ी सौगात, संसदीय क्षेत्र विकास निधि से 33 कार्यों का किया लोकार्पण, ढाई करोड़ के रुपये के लागत से सीएचसी, पीएचसी और तहसीलों में लगाए गए सौर ऊर्जा बैटरी बैकअप का किया लोकार्पण,केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा सौर ऊर्जा बैटरी बैकअप से सीएचसी पीएचसी के साथ तहसीलों में अब बिजली की नहीं होगी समस्या लाइट कट जाने के बाद भी बैटरी बैकअप से होगा काम। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल मंगलवार को पहुंची कैंप कार्यालय पथरहिया रेलवे स्टेशन दक्षिणी द्वार जहां उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र वासियों को बड़ी सौगात दी है.संसदीय क्षेत्र विकास निधि से 33 कार्यों का लोकार्पण किया है, ढाई करोड़ के रुपये के लागत से 8 सीएचसी, 6 पीएचसी, 6 अतिरिक्त पीएचसी, 8 कॉलेजों तीन तहसीलों में सौर ऊर्जा बैटरी बैकअप का और मड़िहान तहसील, मड़िहान सीएचसी में पेयजल व्यवस्था के लिए वाटर कूलर का लोकार्पण किया है.पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा सौर ऊर्जा बैटरी बैकअप से सीएचसी पीएचसी के साथ तहसीलों में अब बिजली की समस्या नही होगी लाइट कट जाने के बाद भी बैटरी बैकअप से काम होता रहेगा।

## नपाध्यक्ष ने अटल पार्क, एमआरएफ सेंटर का किया लोकार्पण



**मिर्जापुर।** नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने मंगलवार की दोपहर विभिन्न जगहों पर कई कार्यों का लोकार्पण किया। जिसमे नगर के चेतगंज वार्ड में नवनिर्मित अटल पार्क, ताड़ गांव स्थित नवनिर्मित एमआरएफ सेंटर,बागकुंजल गिरी वार्ड में बल्ली का अड्डा रोड पर सीसी सड़क एवं बथुआ वार्ड के हलिया स्टैंड पर शौचालय का विधि-विधान से पूजन अर्चन कर नपाध्यक्ष ने लोकार्पण किया।इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा की कई वार्डो में विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया है।चेतगंज वार्ड में अटल पार्क बनने से आमजनों को सुविधा मिलेगी।इस पार्क में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है,पार्क में भव्य फव्वारा भी बनाया गया हैं।इसके साथ ही हलिया स्टैंड पर शौचालय बनने से आने वाले राहगीरों को सुविधा मिलेगी।ताड़ गांव में कूड़े के छ्टान के लिए एमआरएफ सेंटर बनवाया गया है।जिसमे नगर से निकलने वाले कूड़े से रीसाइकिल होने वाले वस्तुओ को अलग किया जायेगा।बागकुंजल गिरी वार्ड में जनता की मांग पर सीसी सड़क का भी लोकार्पण किया गया है।नगर को विकास की ओर आगे बढ़ाने के लिए लगातार जनहित कार्यों को कराया जा रहा है।जिससे अपना नगर स्वच्छ और सुंदर बन सके। इस मौके पर सभासदपति रूपेश यादव,विकास यादव,सभासद इंद्रजीत सिंह पटेल,अमित मिश्रा,संदीप तिवारी, मो जावेद, सतीश उपाध्याय, श्रीकिशन कसेरा, अलंकार जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# त्योहारों के मद्देनजर कोतवाली में बैठक

परिवर्तन दूत



**सकलडीहा चंदौली।** सकलडीहा कोतवाली परिसर में क्षेत्राधिकारी रघुराज की अध्यक्षता में आगामी त्यौहार को लेकर एक बैठक आहूत की गई। जहां इस बैठक में विभिन्न ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधानों सहित संभ्रांत लोग व व्यापारीगढ़ लोगों को उपस्थित होने के लिए आग्रह किया गया था। वही शाम 4:30 बजे ग्राम प्रधानों, व्यापार मंडल के पदाधिकारी व संभ्रांत लोगों द्वारा कोतवाली परिसर पर उपस्थिति दर्ज कराई गई। जहां उपस्थित क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक द्वारा उपस्थित लोगों से आगामी होली व होलिका के संबंध में चर्चा की गई। लोगों से होलिका और होली के अवसर पर ग्राम सभा में अराजकता फैलाने वालों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। तथा ग्राम सभा में किसी भी प्रकार की अनहोनी घटना की जानकारी प्राप्त होने पर त्वरित सूचना देने की अपील की गई। आगामी त्यौहार पर अराजकता फैलाने वालों के ऊपर कठोर कार्यवाही करने के बारे में भी जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस दौरान क्षेत्राधिकारी रघुराज ने बताया कि जिन क्षेत्रों में होली और होलिका के अवसर पर व्यवधान उत्पन्न होने की सूचना प्राप्त होगी वहां त्वरित कार्यवाही की जाएगी। इसी के साथ जिन लोगों द्वारा होलिका का आयोजन किया जाता है उनको निर्देशित किया कि होलिका का आयोजन सार्वजनिक स्थानों पर तथा जहां विवाद ना उत्पन्न हो वहीं पर करें। अगर होलिका के स्थान पर विद्युत की सप्लाई गई हो तो वहां होलिका का छोटे स्वरूप में ही आयोजन करें। जिससे किसी प्रकार की अनहोनी घटना से बचा जा सके। वही बुधवार को कोतवाली परिसर पर पीस कमेटी की बैठक के आयोजन के बारे में भी जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा सेठ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल सेठ, आशीष जायसवाल, रोहित जायसवाल, ग्राम प्रधान अमित कुमार सिंह, गुलाब मौर्य, अशोक कुमार, जेपी चौहान, मनोज यादव, रविकांत पांडेय, विमला यादव के साथ में दर्जनों ग्राम प्रधान, प्रतिनिधि व व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरे...

### तीन दिन पूर्व गायब किशोर का कुएं में मिला शव

#### परिजनो ने चौराहे पर किया चक्का जाम

**भदोहीपरिवर्तन दूत ब्यूरो।** गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के लालपुर दिखाओ गांव का निवासी रमाशंकर बिंद का पुत्र राहुल बिंद 17 वर्ष 8 मार्च को घर के गायब हो गया था। आज उसका शव गोपीगंज के केडवरिया लिंक मार्ग पर एक कुएं में बरामद किया गया ।किशोर के शरीर पर कई चोटों के निशान थे ।लगता है कि उसकी हत्या कर कुएं में शव को फेंका गया ।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कुएं से शव को बाहर निकाला इतने में परिजनों ने गोपीगंज चौराहे पर चक्का जाम कर दिया ।सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारी पहुंचकर निरीक्षण किया। व आवश्यक कार्रवाई किया। बताते हैं वह 8 मार्च को अचानक गायब हो गया था। जिसकी पुलिस ने गुमशुदगी रिपोर्ट लिखी थी। शरीर में लगे चोटों से लगता है कि उसकी हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया गया हो।

### खरमास 14 मार्च से, नहीं होंगे शुभ कार्य

**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो।** काशी से प्रकाशित श्री महावीर पञ्चाङ्ग के अनुसार 14मार्च गुरुवार को मीन राशि की सूर्य संक्रान्ति दिन में 02.37 से शुरू हो जायेगी। इसी के साथ खरमास शुरू हो जायेगा। जो कि 13अप्रैल दिन शनिवार को रात्रि 11.16 तक रहेगी।यह जानकारी डूहिया भावसिंहपुर निवासी आचार्य पंडित दीनानाथ शुक्ल ने दी। बताया कि इस बीच की अवधि में गृहारंभ,गृह प्रवेश विवाह,वधू प्रवेश,द्विरागमन इत्यादि शुभ कार्यों के लिये मुहूर्त मिलना बंद हो जायेगा।

### मतदेय स्थल पूर्व माध्यमिक विद्यालय बदरी में स्थापित- जिला निर्वाचन अधिकारी

**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो।** जिलाधिकारी,जिला निर्वाचन अधिकारी, विशाल सिंह द्वारा जारी एक पत्र के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित कराया जाता है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उप्र लखनऊ एवं अवर सचिव, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्र के आलोक में 393-ज्ञानपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 246- प्राथमिक विद्यालय बदरी का भवन ध्वस्त होने के कारण उक्त मतदेय स्थल के भवन को पूर्व माध्यमिक विद्यालय बदरी में स्थापित किये जाने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदित कर दिया गया है।

### नागरिकता संशोधन कानून अधिसूचना जारी होने पर भदोही में अलर्ट

**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो।** नागरिकता संशोधन कानून के नोटिफिकेशन जारी होने तथा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 एवं त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने व जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के मद्देनजर जिलाधिकारी विशाल सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक के साथ नगर क्षेत्र के संवेदनशील,मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों सहित नगर के प्रमुख चौराहों,मार्गों पर भारी संख्या में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया गया । इस दौरान आम जनमानस, दुकानदारों, राहगीरों सहित विभिन्न धर्मगुरुओं से जनसंवाद स्थापित कर उन्हे सुरक्षा का एहसास कराया गया। किसी प्रकार की भ्रामक खबरों,अफवाहों पर ध्यान न दें ।

### तहसीलों में फाईलों को अनावश्यक रूप से न किया जाय पेडिंग- राज्यमंत्री

**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो।** प्रभारी मंत्री, राज्यमंत्री, अल्संख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उप्र दानिश आजाद अंसारी जी अपने जनपद भ्रमण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी, विधायक औराई दीनानाथ भाष्कर, जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिलाधिकारी विशाल सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ मीनाक्षी कात्यायन, मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ कलेक्टेज्ट सभागार में विकास कार्यो की समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### रामभक्तों को कराया गया जलपान

**अहरौरा, मीरजापुर।** सोनभद्र के 5 हजार राम भक्त अयोध्या गए हुए थे दर्शन के लिए। मंगलवार की शाम अयोध्या से सोनभद्र वापस जा रहे रामभक्त को अहरौरा नगर पालिका अध्यक्ष गुलाब मौर्य (समाजसेवी) द्वारा क्षेत्र के वनस्थली महाविद्यालय के पास सभी रामभक्त को जलपान कराया। जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा पूरा माहौल। जिससे राम भक्त द्वारा बहुत ही खुश हुए और खूब आशीर्वाद समाजसेवी गुलाब मौर्य दिया गया। वही नगर पालिका अध्यक्ष अहरौरा गुलाब मौर्य ने बताया कि इस तरह से सेवा करके हमारा मन शांत रहता है इस तरह के सराहनीय व नेक कार्य से सभी समाजसेवी को आगे आना चाहिए। इस दौरान राज्यसभा सांसद रामसकल, सभासद संजय जायसवाल उर्फ संजू बाबा, समाजसेवी मनीष केशरी उर्फ कल्लु बाबा, मंसाराम, हिमांशु केशरी, हिमांशु सैनी, सुनिल जायसवाल, गुड्डू अंसारी के साथ दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर, महिला की मौत

**मऊ।** मऊ जिले के रानीपुर थाना क्षेत्र के खुरहट रानीपुर मुख्य मार्ग के चक्रदेवा पुलिया के पास बेकाबू ट्रेक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे पति की हालात गंभीर है, वहीं पत्नी की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के समय पति-पत्नी साथ में देईया माई मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार कोपागंज थाना क्षेत्र निवासी बाडा इंदारा गांव निवासी सीताराम राजभर अपनी पत्नी मानवती देवी को लेकर मंगलवार की सुबह खुरहट होकर देईया माई मंदिर दर्शन करने जा रहे थे।

# साफ-सफाई को लेकर छात्र करेंगे जागरूक

परिवर्तन दूत



**चंदौली।** जिले के सकलडीहा कस्बा स्थित सकलडीहा पी.जी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन समारोह दुर्गा माता मंदिर धर्मशाला में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित किया गया। फिर उसके बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर अनुराग कुमार, प्रमुख मानविकी संकाय, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर दयानिधि सिंह यादव और वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जितेंद्र यादव ने स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि विजय चौहान ग्राम प्रधान तेंदुई एवं मनोज यादव ग्राम प्रधान बलारपुर का स्वागत कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिल तिवारी एवं श्याम लाल यादव ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक छात्रा देवंती और कीर्ति ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। प्रभारी प्राचार्य प्रो. दया निधि सिंह यादव ने कहा कि स्वयंसेवक छात्र-छात्रा सात दिवसीय शिविर में गांव में जाकर साफ-सफाई और जागरुकता अभियान करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर अनुराग कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों के बीच जीवन जीने का कला सिखाता है। यह अनुभव उन्हें जीवन में काम आता है।इसलिए शिक्षा के साथ व्यावहारिक जीवन का अनुभव होना आवश्यक है।

द्वितीय सत्र में मतदाता जागरुकता विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य वक्ता डॉ दयाशंकर यादव ने कहा कि लोकतंत्र की ताकत मतदाता है यदि मतदाता अपने मत के ताकत को पहचान ले तो समाज में क्रांति आ जाएगी। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर अनिल तिवारी ने कहा कि स्वयंसेवक छात्र-छात्रा समाज में मतदाता जागरुकता अभियान का प्रचार-प्रसार करेंगे। श्यामलाल यादव ने उन्हें मतदाता शपथ दिलाया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जितेंद्र यादव ने किया। धन्यवाद ज्ञापन श्याम लाल यादव किया। इस अवसर पर यज्ञनाथ पांडे, संदीप सिंह,डॉ उमेश चतुर्वेदी ,सहयोगी धर्मेंद्र यादव,श्याम सुंदर यादव स्वयंसेवक छात्र विनोद विश्वकर्मा, आकाश गौतम नियामत अली, आसिफ अंसारी, ऋषिकेश भारती छात्रा राधिका, ज्योति इत्यादि भारी संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

## "मास्टर ट्रेनर" के रूप में हो रहे हैं प्रशिक्षित-डीएम

**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो।** जिलाधिकारी विशाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन व पर्यवेक्षण में जनसामान्य को आपदाओं से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भदोही के संयुक्त तत्वाधान में स्कूल/डिग्री कॉलेज एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आपदा जन-जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 12 मार्च, 2024 से प्रारम्भ हुए जन जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी 14 मार्च तक संचालित रहेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय चरण में मंगलवार को जनपद के समस्त प्राथमिक विद्यालयों 523 के शिक्षकों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा आपदा संबंधित जानकारी, आपदा प्रबंधन चक्र, भारत में विभिन्न आपदाओं के समय में क्या करें क्या ना करें के बारे में प्राथमिक विद्यालयों से आए शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के नव नियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान



**मीरजापुर।** शहर के बेलतर स्थित रेस्टोरेंट में आज 12 मार्च को राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन मीरजापुर के कार्यकर्ताओ के ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर उनका स्वागत सम्मान किया। दस मार्च को राजा राम की नगरी अयोध्या में विशाल व्यापारी सम्मेलन का आयोजन हुआ था जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में दयाशंकर सिंह (परिवहन राज्य मंत्री) एवं मुख्य वक्ता के रूप मे अमित गुप्ता (राष्ट्रीय अध्यक्ष) राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन उपस्थित रहे,इस विशाल ब्यापारी सम्मेलन के मंच पर मीरजापुर जिले की टीम गठन की घोषणा चुनाव अधिकारी विन्ध्यवासिनी केशरवानी, सह चुनाव अधिकारी अखिलेश मिश्रा के द्वारा किया गया था, जिसमे कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप मे रजनीकांत राय, नगरअध्यक्ष कुमार सत्यम, जिला अध्यक्ष (युवा) शुभम गुप्ता (साई), नगर अध्यक्ष (युवा) आशुतोष केशरवानी एवं नगर प्रभारी रूप मे नितेश सिंह के नाम की घोषणा की गई थी, राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन मीरजापुर के कार्यकर्ताओ और व्यापारी बंधुओ ने नवनियुक्त पदाधिकाररियो को बधाई एवं शुभकामनाये दी। समारोह में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री रविंद्र जायसवाल, चुनाव अधिकारी विंध्यवासनी, अखिलेश मिश्र, हुकुम मौर्या, सत्यनारायण, सुरेंद्र गुप्ता, अखिलेश अग्रहरि , राजन यादव, किशन, मनोज सेठ, बबलू श्रीवास्तव धर्मदीप, मनमोहन, जिशान अहमद, इम्तियाज, भोला नाथ साहू,भोला कसेरा, सरफराज अली, इरशाद अहमद, राकेश बिंद अभिषेक अग्रहरि, रामकरण, अभिषेक, उज्जवल, अमन सहित शहर के सभ्रांत व्यापारी उपस्थित रहे ।

## आ गया रहमतों व बरकतों का पाक महीना, इबादत का दौर शुरू




**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो।** रमजान का मुकद्दस व पाक महीना चांद के दीदार के साथ शुरू हो गया।सोमवार को चांद के दीदार के बाद माहे रमजान में मस्जीद के आसपास सजी दुकानों पर खजूर, चिप्स,पापड़,सेवई आदि की खरीदारी के लिए भीड़ लगी रही।

पाक मुकद्दस महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखते हैं। सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक भूखे प्यासे रहकर अल्लाह की इबादत की जाती है।इन दिनों नमाज पढ़ने का विशेष महत्व माना जाता है।इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार रमजान का पहला दिन अमावस्या के दिन तय किया जाता इस्लामिक कैलेंडर का नवां महीना है रमजानरमजान को रमादान और माह-ए-रमजान भी कहा जाता है। इस पूरे महीने अल्लाह की सच्चे मन से इबादत की जाती है।इस महीने में रोजे रखने के अलावा रात में तरावीह की नमाज पढ़ी जाती है।सुबह सहरी करके रोजा शुरू किया जाता है और शाम को इफ्तार के साथ रोजा खोला जाता है। सहरी और इफ्तार का समय निश्चित होता है।नगर मे मस्जिद के आसपास के साथ विभिन्न स्थानों पर सहरी व इफ्तार के समय खाद्य सामग्री खजूर,चिप्स,पापड़ आदि की दुकाने सजाई गई है'दुकानो पर खरीदारी के लिए लोग पहुच कर अपने जरुरत के सामान की खरीदारी कर रहे हैं।

## देवाधिदेव के अलौकिक स्वरुप का दर्शन कर भक्त हुए निहाल

**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो।** गोपीगंज नगर व ग्रामीण क्षेत्र मे स्थित प्रमुख धार्मिक स्थल बाबा बड़े शिव व तिलेश्वर नाथ धाम मे देवाधिदेव महादेव के अलौकिक स्वरुप का दर्शन पूजन कर भक्त निहाल हो गए। दर्शन पूजन के लिए जुटी अपार भीड़ के जयघोष से मंदिर परिसर देर रात तक गुंजायमान रहा। अखिल ब्रह्मांड नायक बाबा बड़े शिव व तिलेश्वरनाथ का साप्ताहिक महा आरती पूजन के पूर्व सुगंधित पुष्पों व पंच द्रव्य से भव्य श्रृंगार किया गया। श्रृंगार के साथ दर्शन पूजन का शुरू हुआ क्रम देर रात चलता रहा'आरती पूजन के दौरान पूरा भक्तो से भरा परिसर हर हर बम बम से गूंज उठा। शंख व करतल ध्वनि के बीच पुजारी द्वारा महा आरती की गई'स्तुति गान के उपरांत महाप्रसाद का वितरण कराया। इस मौके पर दीपक तिवारी किशन दुबे, दीपक मोदनवाल, शिव अग्रहरि, ओम जी जायसवाल,धीरज तिवारी, रितेश दुबे, संतोष पांडेय, बउलाल दुबे, अनुज, किशन तिवारी, पवन दुबे आदि रहे।

# विवाद में पेट्रोल डालकर शख्स को लगा दी आग

## गंभीर हाल में अस्पताल भर्ती

**चंदौली।** पीडीडीयू नगर के मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत डांडी में मंगलवार को दो पक्षों में जमकर विवाद हुआ। विवाद के दौरान एक पक्ष के युवक ने दूसरे पक्ष के युवक पर पेट्रोल डालकर माचिस से आग लगा दी। जिसमें 54 वर्षीय विजय गुप्ता बुरी तरह जल गये। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली ले आई। जबकि घायल को उपचार के लिए निजी चिकत्सालय में भर्ती कराया।

डांडी के रहने वाले विजय गुप्ता का उनके पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति से कई दिनों से जमीनी विवाद चल रहा था। मंगलवार को विजय गुप्ता छत की ढलाई के बाद अपना ट्रैक्टर निकाल रहे थे, तभी किसी बात को लेकर दोनो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। जिसमें विजय गुप्ता झुलस गए। मुगलसराय इंस्पेक्टर विजय बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष से मिली तहरीर के आधार पर पुलिस आगे की कारवाई में जुट गई है।

## बकायेदारों से एक करोड़ की राजस्व वसूली

**सकलडीहा,चंदौली।** शासन की ओर से बकाया वसूली को लेकर अभियान शुरू किया गया है। बीते तीन दिनों के अंदर एसडीएम और तहसीलदार के प्रयास से एक करोड़ की विभिन्न कर के तहत बकाया वसूल किया गया है। तहसील प्रशासन की ओर से चलायी जा रही अभियान को लेकर बकायेदारों में खलबली मची है।

जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे के निर्देश पर एसडीएम अनुपम मिश्रा कर-करेतर की वसूली को लेकर तहसील राहुल सिंह को अभियान चलाने का निर्देश दिया है। जिस पर तहसीलदार ने सभी परगना के नायब तहसीलदारों के अगुवाई में टीम का गठन कर राजस्व वसूली करने को कहा है। इसी क्रम में पिछले तीन दिनों में विद्युत,बैंक, स्टांप देय,व्यापार कर,ऑडिट,रायल्टी देय और पीसीएफ के बकायेदारों के यहा छापेमारी किया। जहा से 1करोड़ 9 लाख 76 हजार 393 रुपये का राजस्व वसूल किया गया। अभियान को लेकर बकाएदारों में हड़कंप मची है। तहसीलदार राहुल सिंह ने बताया कि अभियान आगे भी चलता रहेगा। उन्होंने बडे बकायेदारों से जल्द जमा करने की बात कही। अभियान के दौरान नायब तहसीलदार महाइच अमित कुमार सिंह,नायब तहसीलदार बढवल प्रभुनाथ यादव,नायब तहसीलदार बरह,महुआरी अजित कुमार जायसवाल,उमाशंकर सिंह,प्रमोद,बीरेंद्र कुमार भारती, अशोक लाल, विजय शंकर सहित अन्य रहे।

# शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए लगवाई गयी दौड़



**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो।** डॉ तेजवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पुलिस लाईन ज्ञानपुर परेड ग्राउंड में साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी ली गई एवं परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई गई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल की कार्यवाही का निरीक्षण कर उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए सम्बंधित को निर्देशित किया गया। पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर उपलब्ध समस्त आपातकालीन उपकरणों को चलवाकर चेक किया गया तथा प्रभारी यूपी 112 को निर्देशित किया गया कि पीआरवी वाहनों व उसके उपकरणों की लगातार चेकिंग करें पीआरवीकर्मी अपने-अपने स्थान पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पब्लिक की सुरक्षा और सेवा में समर्पित रहें। पुलिस लाईन निरीक्षण के दौरान क्वार्टर गार्ड, जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, बैरक, भोजनालय व परिवहन शाखा आदि को चेक किया गया। शस्त्रागार प्रभारी को शस्त्रों की साफ-सफाई रखने व गार्द कमांडरों के रजिस्टरों की चेकिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस बैरकों व आवासों का निरीक्षण कर सम्बंधित को साफ-सफाई आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एक साप्ताहिक अर्दली रूम के दौरान विभिन्न रजिस्टरों को चेक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## युवक ने लगाया पिटाई का आरोप

**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो ।** गोपीगंज कोतवाली के बिहरोजपुर निवासी राजकुमार दीक्षित ने चार पहिया वाहन सवार लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। बताया कि सोमवार को वह कौलापुर मोड़ पर खड़ा था तभी चार पहिया वाहन आकर सामने खड़ी हुई उसमें बैठे लोग जो अलग अलग गांव के निवासी है उसे जबरदस्ती गाड़ी में बैठा लिया और गाली देते हुए एक ईट भट्ठा पर ले गए, वहां पर पहले से ही मौजूद लोगों ने उसकी पिटाई कर गले की चैन,पर्स छिन लिया,जान से मारने की धमकी देते हुए कहां की अगर इसकी शिकायत कहीं करोगे तो परिणाम अच्छा नहीं होगा'किसी तरह जान बचाकर भाग निकला'घटना मे शामिल लोग मोबाइल भी तोड़ दिए जिससे मैं कहीं संपर्क नहीं कर पाया।

## मासूम संग दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**मीरजापुर।** अदलहाट थानाक्षेत्र के एक गांव में चार वर्षीय अबोध बालिका के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। बच्ची की मां को जब इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने परिजनों को बताया जिसपर 112 को कॉल किया गया। 112 मौके पर पहुंची तो मामला जानने के बाद थाना प्रभारी को सूचित किया गया। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने बच्ची को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा। देर रात मौके पर पहुंचे सीओ ने भी परिजनों से जानकारी ली। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई में जुट गई हैं।

चुनार थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने आरोप लगाया है कि सोमवार की रात लगभग 9 बजे उसकी बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। तभी गांव का ही एक युवक मौके पर आया। मासूम को खेलाने के बहाने गोदी में उठाकर ले गया। इसके बाद वह इसे पास के ही ईंट भट्टे पर ले गया । उसके साथ दुष्कर्म किया। जब मासूम अचेत हो गई तो उसे लेकर घर पहुंचा । उसकी माँ को बताया कि आप की बेटी सो गई है। कुछ देर बाद जब मासूम जागी तो वह दर्द से कराह रही थी। पूछने आपबीती बताई। इस पर बिटिया की मां के कहने पर परिजनों ने 112 पर फोन किया। जिस पर पीआरवी पहुंची। पीआरवी ने घटना की जानकारी लेकर थाने को दिया। मंगलवार को मेडिकल कराया गया। एसपी ने बताया कि इस गंभीर मामले की मॉनिटरिंग सीओ कर रहे हैं। आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रयास किया जाएगा इसे एक माह के अंदर सजा दिलाया जा सकें।

# प्रदेश में हालात पूरी तरह सामान्य, संवेदनशील जगहों व उपद्रवी तत्वों पर हमारी कड़ी नजरः डीजीपी



लखनऊ,जीएनएस।देश में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू होने की घोषणा के बाद से ही यूपी में हाई अलर्ट लागू कर दिया गया। पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद् कर दी गईं और छुट्टी पर गए पुलिसकर्मियों को वापस बुला लिया गया है। मंगलवार को प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह मुस्तैद है। कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की खबर नहीं है।उन्होंने कहा कि हमें सीएए लागू होने की जानकारी पहले से ही थी इसलिए हम पहले से ही तैयार थे। इससे जुड़े सभी स्टेक होल्डर्स जैसे धार्मिक नेता, पीस कमेटी, डिजिटल वालंटियर्स और सिविल डिफेंस के लोगों से लगातार वार्ता चल रही थी।उन्होंने कहा कि मैं फिर से स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि सीएए एक ऐसा कानून है जिससे किसी की नागरिकता नहीं जाएगी बल्कि ये नागरिकता देने का कानून है। इसका लाभ उन लोगों को मिलेगा जो कि हमारे पड़ोसी देशों से धार्मिक कारणों से परेशान होकर यहां आए हैं। ऐसे लोगों की संख्या भी बहुत कम है।उन्होंने कहा कि सभी धार्मिक नेताओं ने अधिसूचना जारी होने के बाद सकारात्मक टिप्पणी की है और हम लोग ऐहतियात बरत रहे हैं। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 179 कंपनी पीएसी और 100 कंपनी सीएपीएफ तैनात की गई है। लगातार निगरानी की जा रही हैं। जिलाधिकारी व पुलिस अफसरों की टीम लगातार लोगों से संवाद कर रही है। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। संवेदनशील जगहों व उपद्रवी तत्वों पर लगातार नजर रखी जा रही है। कोई भी व्यक्ति गड़बड़ी करेगा और अशांति फैलाने की कोशिश करेगा उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी मुख्यालय से फील्ड और सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी की जा रही है।

# यूपी में 16 हजार से ज्यादा बन चुके अमृत सरोवर

## जल स्रोतों को संवारने के काम कर रही सरकारःकेशव मौर्य



लखनऊ,जीएनएस। जल संचयन, संरक्षण व पर्यावरण संतुलन बनाए रखने तथा पानी के बेहतर उपयोग के दृष्टिगत गांवों में तालाबों, व जल स्रोतों को मनरेगा से संवारने का काम उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में किया जा रहा है, यही नहीं इसी दिशा में कार्य करते हुए प्रदेश में विलुप्तप्राय नदियों के पुनरूद्धार का कार्य किया जा रहा है। मनरेगा से अमृत सरोवरो को बनाने का कार्य जारी है।अमृत सरोवर के निर्माण में उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी राज्य है।

अब भी तक देश में सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में 16,581 अमृत सरोवरों का निर्माण किया जा चुका है।ग्रामीण इलाकों में अमृत सरोवर का उद्देश्य जल संग्रह के साथ स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने और आम लोगों को व्यायाम तथा घूमने हेतु स्वच्छ पर्यावरण प्रदान करना है। तालाबों को अमृत सरोवर के रूप में विकसित करने से जल संग्रह तो होता ही है, संग्रहित जल का किसान उपयोग भी करते हैं। इन सरोवरों के निर्माण से ग्रामीणों को टहलने-घूमने और सार्वजनिक स्थल पर बैठने की सुविधा भी उपलब्ध होती है। अमृत सरोवर के पास पौधे लगाने से वृक्षारोपण को भी बढ़ावा मिल रहा है। बात करें संस्कृति को तो स्थानीय त्योहार भी सरोवरों पर मनाए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल पर अमृत सरोवर विकसित होने से छठ पूजा जैसे त्योहार भी मनाने में महिलाओं को मदद मिली है। अमृत सरोवरों पर राष्ट्रीय पर्व जैसे स्वतंत्रता दिवस,गणतंत्र दिवस आदि पर ध्वजारोहण भी किया जाता है।केंद्र सरकार ने मनरेगा के तहत प्रत्येक जिले में 75 अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य दिया था। केंद्र द्वारा निर्धारित लक्ष्य 5,625 को 15 अगस्त 2022 को ही प्राप्त कर लिया गया था तथा अब तक 16 हजार से भी ज्यादा अमृत सरोवरों का निर्माण किया जा चुका है। और लगातार अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जल संरक्षण और संचयन के मकसद से भारत सरकार द्वारा शुरू की गई अमृत सरोवर योजना में उत्तर प्रदेश देश में पहले नंबर पर है। प्रदेश में मनरेगा के तहत अब तक अमृत सरोवर के लिए 24,461 स्थान चिन्हित किए गए हैं। 21,026 चिन्हित स्थानों पर कार्य शुरू हो चुका है, वहीं 16,581 अमृत सरोवर का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। जो कि दूसरे नंबर पर मध्य प्रदेश के अमृत सरोवरों की कुल संख्या 5,647 का दोगुना से भी अधिक है। तीसरे नंबर पर कर्नाटक में अब तक 3,815, चैथे नंबर पर राजस्थान में अब तक 3,085 और 5वें नंबर पर महाराष्ट्र में अब तक 3,013 अमृत सरोवर बनकर तैयार हो चुके हैं। अमृत सरोवर के बड़े पैमाने पर निर्माण से उत्तर प्रदेश में ग्रामीण आबादी के एक बड़े हिस्से को रोजगार भी मिल रहा है। इससे किसानों की सिंचाई की समस्या का समाधान हुआ है और उनकी आय में भी वृद्धि हुई है। राज्य सरकार के मार्गदर्शन एवं विभाग के अथक प्रयास से प्रदेश में तेजी से अमृत सरोवरों का निर्माण हो रहा है। बात करें जिलों की तो प्रदेश में टॉप-3 जनपदों तो अब तक गोरखपुर में 712,महराजगंज में 597 और प्रयागराज में अब तक 522 अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है, जो कि प्रदेश में अमृत सरोवर के निर्माण में अग्रणी जनपद की भूमिका निभा रहे हैं। अन्य जनपदों में भी लक्ष्य के सापेक्ष तेजी से अमृत सरोवर विकसित किए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें...

### उत्तराखंड के कर्मचारियों का भी इप्सेफ के आन्दोलन को समर्थन

लखनऊ,जीएनएस। इण्डियन पब्लिक सर्विस इम्प्लाईज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र उत्तराखंड के भ्रमण पर अल्मोड़ा एवं नैनीताल पहुंच कर वहां के कुछ कर्मचारी संगठन के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की। जेसी नैनवाल पूर्व अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद हल्द्वानी, नैनीताल की अध्यक्षता में हुई बैठक में सिंचाई विभाग सहित कई विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे। वीपी मिश्र ने बताया कि इप्सेफ का गठन 2012 में नई दिल्ली में किया गया था। संगठन के प्रभाव से यूपीए सरकार द्वारा दो वर्ष पूर्व ही 7वें वेतन आयोग का गठन कराया गया था, जिसके फलस्वरूप 01 जनवरी 2016 से 7वां वेतन आयोग लागू हो गया था। 01 जनवरी 2024 से 8 वां वेतन आयोग का गठन लागू होना है इसकी मांग प्रधानमंत्री से की है कि 2024 में 8वें वेतन आयोग का गठन किया जाय। इसके अलावा पुरानी पेंशन बहाली, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा, नियुक्तियों में वरीयता तथा न्यूनतम वेतन दिया जाय। पुरानी पेंशन बहाली हेतु वेतन समिति विचार कर अपनी संस्तुतियां देने वाली है। इप्सेफ के प्रयास से ही एनपीएस में 4 प्रतिशत का अंशदान बढ़ाया गया था।राष्ट्रीय सचिव श्री अतुल मिश्र ने बताया कि 14 प्रतिशत जो भारत सरकार अंशदान देती है उसके 9 प्रतिशत ब्याज से एकत्रित धनराशि से ही पुरानी पेंशन दी जा सकती है। इसमें भारत सरकार पर कोई व्यय भार नहीं पड़ेगा। इसके लिए इप्सेफ द्वारा लगभग सभी राज्यों में रैली प्रदर्शन होते आ रहे है।

### हिंदू महासभा पूरे देश में लोकसभा चुनाव में उतारेगी प्रत्याशी

लखनऊ,जीएनएस। भारत की प्रथम राजनीतिक पार्टी एवं श्री राम जन्मभूमि के मुख्य पक्षकार अखिल भारत हिंदू महासभा ने इस साल होने जा रहे लोकसभा चुनाव में पूरे देश में प्रत्याशी उतारने की घोषणा की है। इस आशय की जानकारी आज यहां हिन्दू महासभा, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने दी। उन्होंने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि के निर्देशानुसार हिन्दू महासभा ने प्रत्याशियों की घोषणा जल्द ही की जायेगी। जिसके चयन की प्रक्रिया अन्तिम चरणों में है। श्री त्रिवेदी ने बताया कि अखिल भारत हिंदू महासभा देश की प्रथम हिंदुत्व वादी राजनीतिक पार्टी है जिसकी स्थापना 1882 में हुई और 1915 में भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय ने इसकी राष्ट्रीयकरण किया और वीर सावरकर जो पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, उन्होंने अखिल भारत हिंदू महासभा की तरफ से राजनीति का हिंदुकरण हिंदुओं के सैनिक की घोषणा कर, हिंदुओं को सशक्त बनाने पर बल दिया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि जिस हिंदू महासभा ने श्री राम मंदिर का कोर्ट में 1949 से लड़ाई लड़ते हुए सुप्रीम कोर्ट से जीत हासिल की, उसे मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में निमंत्रण भी नहीं दिया गया। इसलिए न्याय के लिए पूरे देश में हिंदू महासभा द्वारा प्रत्याशी उतारा जाएगा और भाजपा संघ द्वारा हिंदू महासभा के प्रति भेदभाव पूर्ण किए गए व्यवहार को जनता के सामने रखा जाएगा और उनसे न्याय की मांग की जाएगी। भगवान श्री राम के और देश की जनता की कृपा हुई तो निश्चित रूप से 2024 की केंद्र में बनने वाली सरकार की चाबी अखिल भारत हिंदू महासभा के हाथ में होगी और केंद्र में अखिल भारत हिंदू महासभा सरकार बनाएगी, जिससे देश सशक्त होगा,जल्द ही पूरे देश में प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी।

### केरल में छात्र को आत्महत्या को मजबूर करने के मामले में एबीवीपी का प्रदर्शन

लखनऊ,जीएनएस। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट संख्या 1 पर केरल में एसएफआई से जुड़े अपराधियों द्वारा केरल के वायनाड में स्थित केरल वेटनरी एंड एनिमल साइंस यूनिवर्सिटी के द्वितीय वर्ष के छात्र जेएस सिद्धार्थन को बुरी तरह प्रताड़ित एवं मारपीट कर आत्महत्या को मजबूर करने के मामले में प्रदर्शन करते हुए घटना की शीघ्र जॉच पूर्ण कर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मॉग की है। केरल के शैक्षणिक संस्थानों में सत्ताधारी पार्टी सीपीएम के संरक्षण में उसके छात्र संगठन स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एसएफआई से जुड़े अपराधियों द्वारा लगातार हिंसा, भ्रष्टाचार, छेड़खानी की घटनाओं में कार्रवाई से पीछे हटने की विफलता पर एबीवीपी ने केरल सरकार की कड़ी निन्दा तथा भर्त्सना की है। केरल वेटनरी एंड एनिमल साइंस यूनिवर्सिटी के द्वितीय वर्ष के छात्र जेएस सिद्धार्थन का 18 फरवरी को वायनाड कैंपस हॉस्टल के बाथरूम में शव मिला था, जॉच में सामने आया है कि जेएस सिद्धार्थन के साथ एसएफआई से जुड़े दो दर्जन से अधिक अपराधियों ने न केबल तार, बेल्ट से हमला कर बुरी तरह मारपीट की बल्कि उक्त छात्र को छात्रावास में नंगा कर परेड कराई।उक्त जघन्य घटना के बाद 18 फरवरी को जेएस सिद्धार्थन का शव हॉस्टल बाथरूम में लटकता हुआ मिला था। घटना के बाद से ही केरल में एबीवीपी की विभिन्न इकाइयों द्वारा न्याय की मॉग तथा एसएफआई के गुंडों-अपराधियों की लगातार अपराध संलिप्तता को रोकने की मॉग को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है।एबीवीपी अवध प्रान्त के प्रान्त मंत्री पुष्पेन्द्र वाजपेई ने कहा कि वामपंथी छात्र संगठन एसएफआई का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। केरल के शैक्षणिक परिसर सीपीएम संरक्षित अपराधियों की हिंसक गतिविधियों का अड्डा बन गए हैं। केरल में सिद्धार्थन के साथ एसएफआई से जुड़े अपराधियों द्वारा जघन्य रैगिंग के परिणामस्वरूप आत्महत्या मामले ने एसएफआई तथा वामपंथी छात्र संगठनों से शैक्षणिक संस्थानों को खतरे को पुनः उजागर कर दिया है।

# नोवा अस्पताल के 15 दिवसीय मुफ्त रीढ़ की हड्डी की सर्जरी एवं परामर्शशिविर का शुभारभ

लखनऊ,जीएनएस। चिकित्सा विशेषज्ञता और उदारता के एक शानदार




प्रदर्शन के दौरान, क्षेत्र के प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों में से एक, नोवा अस्पताल ने इस पखवाड़े के प्रारंभ मेंएक मुफ्त रीढ़ की हड्डी के सर्जरी शिविर का आयोजन किया जो कई व्यक्तियोंके लिए आस्था का प्रकाश साबित हुआ जो रीढ़ से संबंधित बीमारियों से पीड़ितथे। इस शिविर में परामर्श और उपचार जैसी कई सेवाएं शामिल थीं, जो उन लोगों केलिए एक जीवन रेखा साबित हुई जिन्हें पहले चिकित्सा सहायता के लियेआर्थिक सहायता नहीं मिल पा रही थी। शिविर के दौरान 50 से अधिक रोगियों ने मुफ्त बाह्य अस्पताल परामर्श प्राप्तकिया, जिन्हें मूल्यवान चिकित्सा सलाह और उनकी स्थिति के लिए संभावितउपचार विकल्पों को समझने का मौका मिला। रोगियों के द्वारा उठाई गईआर्थिक बोझ को और भी कम करने के लिए, नोवा अस्पताल ने सर्जिकलइंटरवेंशन के लिए भारी अनुदान की भी पेशकश की, जिससे जन साधारण कोअत्यंत ही कम एवं उचित दरों पर यह उपचार मिल सके।शिविर की अविश्वसनीय सफलता का एक चमकदार उदाहरण एक रोगी कामामला था जिसने एंडोस्कोपिक रीढ़ की हड्डी के सर्जरी करवायी, जोकि एकत्रत और पूर्ण एंडोस्कोपिक रीढ़ की हड्डी की सर्जरी प्रक्रिया रही। पांच वृष पहले रोगीने रीढ़ की हड्डी की सर्जरी कराई थी, लेकिन साइटिका के दर्द का समाधान न होनेके कारण वह अत्यधिक चिंतित था। एक और सर्जरी के लिए डर के कारण, रोगीने नोवा अस्पताल में दूसरी चिकित्सीय राय डॉव अचल गुप्ता से ली और एकसफल सर्जरी कराकर अपनी बीमारी से निजात पाई। इस ऑपरेशन के दौरान विशाखापत्तनम से आए डॉव साई दिलीप एवं अलीगढ़ सेआए डॉव कौशल भी उपस्थित रहे,

# विधान परिषद चुनावः सपा और बीजेपी के सबसे अमीर प्रत्याशी

## सपा के गुड्डू जमाली,बीजेपी के मोहित बेनीवाल अमीर




लखनऊ,जीएनएस। यूपी विधान परिषद की 13 सीटों पर चुनाव के लिए कल बीजेपी और सपा के प्रत्याशियों ने अपने नामांकन भर दिए हैं। जिनमें से ज्यादातर करोड़पति हैं।इस मामले दोनों दलों में कोई पीछे नहीं है समाजवादी पार्टी ने विधान परिषद में तीन प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। इनमें एक नाम गुड्डू जमाली का है जो हाल ही बसपा को छोड़कर सपा में शामिल हुआ हैं। गुड्डू जमाली बड़े व्यवसायी है और अरबों की संपत्ति के मालिक है। गुड्डू जमाली ने नामांकन के वक्त दिए अपने हलफनामे में 380 करोड़ की संपत्ति का खुलासा किया है। इसमें 312 करोड़ की चल और 21.73 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति शामिल हैं। हलफनामे के मुताबिक उनके ऊपर 5.13 करोड़ की देनदारियां हैं। अचल संपत्ति में 12.20 की 13 कृषि योग्य जमीन, दिल्ली में फ्लैट और एक आजमगढ़ में कोठी शामिल है। गुड्डू जमाली के पास 2003 मॉडल की एक क्वालिस कार, पिस्टल और रायफल भी हैं। उनकी पत्नी के पास भी करोड़ों की संपत्ति हैं।सपा प्रत्याशी ने अपने हलफनामे में पत्नी के पास 32,62 करोड़ रुपये की चल और 1.52 करोड़ की अचल संपत्ति बताई है।दूसरी तरफ बीजेपी के सात प्रत्याशियों में प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल सबसे अमीर हैं। उन्होंने अपने नामांकन पत्र में 27 करोड़ की संपत्ति होने की जानकारी दी है. इसके अलावा उनके पास 8.52 करोड़ रुपये, पत्नी के पास 2.98 करोड़ रुपये और बच्चे का पास 1.71 करोड़ रुपये की चल संपत्ति हैं।हनुमान बेनीवाल के पास 9.26 करोड़, पत्नी के पास 3.56 करोड़ की अचल संपत्ति है।बीजेपी प्रत्याशी के पास भी रिवॉल्वर और रायफल दोनों हैं।उनके पास 100 ग्राम सोना और पत्नी के पास 500 ग्राम सोना है।उनके पास फॉर्चुनर कार भी है।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ

लखनऊ,जीएनएस। बीएसएनवी पीजी कॉलेज चारबाग लखनऊ द्वारा 12 से 15 मार्च 2024 तक चलने वाले बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम खेल निदेशक कृष्ण चंद्र ने महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर संजय मिश्रा को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया तत्पश्चात डॉक्टर डी के राय जी ने प्रोफेसर संजीव मिश्रा का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया तथा प्रोफेसर सी एल बाजपेई का स्वागत प्रोफेसर विजय कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर किया।इसी क्रम में लल्लन प्रसाद ने डॉक्टर डीके राय का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। प्राचार्य प्रोफेसर संजय मिश्रा ने जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्राचार्य महोदय ने प्रोफेसर सी एल वाजपेई के साथ बैडमिंटन खेलकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन स्नेह प्रताप सिंह ने किया इस अवसर पर बहुत से छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

# ब्रांडिंग और मार्केटिंग से पर्यटक होंगे आर्कषितः जयवीर सिंह




लखनऊ,जीएनएस। उत्तर प्रदेश धार्मिक, आर्थिक और प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण हैं। यहां पर्यटन की अपार संभावनायें हैं। सरकार भी इसके लिए लगातार प्रयास कर रही है। यूपी की टूरिज्म पॉलिसी बहुत ही बेहतरीन है। इसी का नतीजा है कि दुनिया भर के टॉप ब्रांड आज अयोध्या में होटल बना रहे हैं। 2023 में करीब 48 करोड़ घरेलू पर्यटक यूपी में पहुंचे थे। इसी तरह हमें विदेशी पर्यटकों को भी यूपी में लाने के लिए काम करने की जरूरत है। इससे प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और राजस्व में भी इजाफा होगा। यह कहना है उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह का। वह मंगलवार को गोमती नगर स्थित एक होटल में उत्तर प्रदेश सरकार और फिक्की की ओर से आयोजित यूपी ट्रेवल मार्ट-2024 के दौरान पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उत्तर प्रदेश में पर्यटन स्थल की खासियत और पर्यटकों को मिलने वाली सुविधाओं व संभावनाओं की जानकारी यूपी ट्रेवल मार्ट के जरिये पूरी दुनिया में पहुंचाई जायेगी। मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि कहीं के पर्यटन स्थल तब चर्चा में आते हैं, जब वहां से जुड़ी कहानियों की जानकारी लोगों को हो। इन्ही किस्से और कहानियों के जरिये समृद्धि और विकास संभव है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने में कानून व्यवस्था, सुविधा और कनेक्टिविटी का अहम योगदान होता है। इन तीनों मामलों में यूपी सबसे बेहतर है। हमें ऐसे व्यवस्था बनानी है जिससे विदेशी पर्यटकों को यूपी पंसद आये और इसके लिए जरूरी है ब्रान्डिंग और मार्केटिंग। ब्रांडिंग और मार्केटिंग अच्छी होगी तो घरेलू पर्यटकों की तरह विदेशी पर्यटकों का रुझान भी बढ़ेगा। दरअसल, उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने मिलकर यूपी ट्रैवल मार्ट (यूपीटीएम) के छठे संस्करण का आयोजन 25 से 29 अप्रैल 2024 तक गोरखपुर में करने की घोषणा की है। लखनऊ में आयोजित कर्टन रेजर में फिक्की और यूपी पर्यटन और उप-समिति के अध्यक्ष प्रतीक हीरा ने यूपी ट्रैवल मार्ट की जानकारी दी।

# इनोवा कार से लटकी लड़की का सामने आया वीडियो जांच में जुटी पुलिस

लखनऊ,जीएनएस। लखनऊ में शहीद पथ पर इनोवा गाड़ी के गेट पर एक



लड़की के लटकने का वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि लड़की ने ब्लैक रंग की ड्रेस पहनी है। और वह गाड़ी के गेट पर खड़ी है। गाड़ी के अंदर बैठा व्यक्ति अपने हाथों से लड़की को पकड़े हुए है और गाड़ी तेज रफ्तार से शहीद पथ की तरफ जा रही है।पीछे से आ रही गाड़ी में यह वीडियो बनाया गया है। वीडियो देखकर लोग असमंजस में हैं कि यह कोई रील के लिए कोई स्टंट है। या फिर लड़की को अपहरण के लिए उठाया गया है। सुशांत गोल्फ सिटी के इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि मामला सामने आने के बाद जांच शुरू कर दी गई है। शुरुआती जांच में वीडियो पुराना होने की बात सामने आ रही है। गाड़ी प्रयागराज नंबर की है। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने को लेकर इनोवा गाड़ी का दो चालान हो चुका है। इसमें ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने को लेकर दोनों चालान हुए हैं। डेढ़ हजार रुपए का एक चालान प्रयागराज के फायर ब्रिगेड चैराहे का है जो कि आठ सितंबर 2022 हुआ। जबकि इसके पहले का चालान फरवरी 2021 में मेयो हाल पुलिस लाइन के पास का है। इनोवा गाड़ी शिवानी श्रीवास्तव के नाम पर है, जो कि गाड़ी की सेकेंड ऑनर हैं। 25 मई 2019 को गाड़ी का पंजीकरण हुआ है।

## परिवहन मंत्री ने किया निगम मुख्यालय में 41.16 करोड़ की 18 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना सरकार का मकसदः दयाशंकर






लखनऊ,जीएनएस। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने आज परिवहन निगम मुख्यालय के सभागार कक्ष में परिवहन विभाग एवं परिवहन निगम की 41.16 करोड़ रूपये की 18 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। बस स्टेशन बिन्दकी जनपद फतेहपुर, बस स्टेशन एवं डिपो कार्यशाला शाहगंज जौनपुर, बस स्टेशन सुजानगंज जौनपुर, बस स्टेशन ललौली फतेहपुर, बस स्टेशन हाटा कुशीनगर, बस स्टेशन डुमरियागंज सिद्धार्थनगर, डिपो कार्यशाला कुछैछा हमीरपुर, बस स्टेशन नजीबाबाद बिजनौर, बस स्टेशन जलेसर एटा एवं डिपो कार्यशाला इज्जतनगर बरेली का शिलान्यास एवं बस स्टेशन फरीदपुर बरेली, बस स्टेशन बछरांवा रायबरेली, बस स्टेशन महाराजगंज का लोकार्पण किया गया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के धरातल पर आने से प्रदेश की जनता को बहुत सी सुविधाएं मुहैया होंगी। परिवहन निगम मुख्यालय में उन्होंने कमान्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर का फीता काटकर उद्घाटन किया एवं बसों की वास्तविक स्थिति का स्वयं परीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कमान्ड कन्ट्रोल सेन्टर के माध्यम से बसों की वास्तविक स्थिति प्रदेश के लोगों को मिलेगी। वास्तविक लोकेशन प्राप्त कर किसी आकस्मिक स्थिति में तत्काल सहायता पहुंचाई जा सकती है। कमान्ड कन्ट्रोल सेन्टर को डॉयल 112 से भी जोड़ा जा रहा है। बसों में वीएलटीडी व्हीकिल लोकेशन एण्ड ट्रैकिंग डिवाइस के साथ पैनिक बटन भी लगाया गया है, जिसका उपयोग करने से निगम मुख्यालय स्थित कमान्ड कन्ट्रोल सेन्टर एवं सम्बंधित क्षेत्रीय कन्ट्रोल रूम में पैनिक अलर्ट प्रदर्शित होगा। अब लोगों को अपने परिवारीजनों की यात्रा के दौरान वास्तविक स्थिति की सुरक्षा स्वतः प्राप्त हो सकेगी एवं परिजनों की जानकारी की चिन्ता से मुक्ति मिलेगी। परिवहन मंत्री ने परिवहन विभाग द्वारा संचालित की जाने वाली महत्वपूर्ण परियोजना रायबरेली स्थित इन्स्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च सेन्टर का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह देश का पहला ऐसा सेन्टर है, जहां ट्रेनिंग, टेस्टिंग के साथ-साथ रिसर्च का भी कार्य किया जायेगा। इस सेन्टर के संचालित होने से प्रदेश को कुशल चालक मिलेंगे एवं मुख्यमंत्री की मंशानुरूप सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत तक कमी लाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा अयोध्या में डीटीटीआई एवं प्रतापगढ़ में एडीटीटी का लोकार्पण से ड्राइवरों की ट्रेनिंग अब ऑनलाइन हो सकेगी। अब मैनुअल ट्रेनिंग की व्यवस्था धीरे-धीरे समाप्त कर दी जायेगी। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम द्वारा लोगों को एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं से युक्त सेवाएं मुहैया कराने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत बस स्टेशनों का उच्चीकरण से लेकर पुर्ननिर्माण तक का कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम में 11 बस स्टेशनों को पीपीपी मॉडल पर संवारने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। 11 अत्याधुनिक बस स्टेशन प्रदेश के लोगों को मिलेंगी, जहां पर शॉपिंग मॉल, सिनेमा हॉल जैसे अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में परिवहन निगम में क्रान्तिकारी परिवर्तन देखने को मिल रहा है। रेवेन्यू में भी लगातार सुधार प्राप्त हुआ है। प्रदेश की इकोनॉमी को 01 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने में परिवहन निगम का बहुत बड़ा योगदान होगा। परिवहन निगम में नई यूरो-6 मॉडल की अत्याधुनिक बसें चलायी जा रही हैं साथ ही 05 हजार नई इलेक्ट्रिक बसों के आने से प्रदूषणमुक्त एवं आरामदायक सेवा प्रदेश के लोगों को मुहैया होंगी। टेक्नोलॉजी में जितना अधिक सुधार होगा, सुविधाओं में भी उतनी ही बढ़ोत्तरी होगी। मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में परिवहन निगम को देश का नंबर वन परिवहन निगम बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हाल ही में बलिया, शाहजहांपुर, कुशीनगर में बस स्टेशन का पुर्ननिर्माण का कार्य किया गया है,

परिवर्तन दूत

वाराणसी,बुधवार 13 मार्च 2024



# यूएन में भारत ने चीन पर साधा निशाना

## पाकिस्तान के आतंकवादियों को बचाता है चीन, काली सूची में डालने से रोकना ड्रेगन का दोगलापन



न्यूयॉर्कः चीन पर परोक्ष हमला बोलते हुए भारत ने कहा कि बिना किसी औचित्य के वैश्विक आतंकवादियों को काली सूची में डालने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में साक्ष्य-आधारित प्रस्तावों को रोकना समस्या से निपटने में 'दोहरे बोल' की तरह है। चीन ने अतीत में कई पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को संयुक्त राष्ट्र में बैकलिस्ट में आने से बचाया है।संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा ने कहा, 'आइए हम भूमिगत दुनिया में रहने वाले सहायक निकायों की ओर रुख करें, जिनके अपने स्वयं के कस्टम-निर्मित कामकाजी तरीके और अस्पष्ट प्रथाएं हैं, जिन्हें चार्टर या परिषद के किसी भी प्रस्ताव में कोई कानूनी आधार नहीं मिलता है।' यूएनएससी की प्रतिबंध समिति का जिक्र करते हुए, कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र में स्थापित प्रक्रिया को शुरू करने का आह्वान किया, जो पाठ के माध्यम से बातचीत में शामिल होने या एक-दूसरे पर बोलने या एक-दूसरे को अतीत बताने के माध्यम से नहीं है। उन्होंने कहा, 'जैसे-जैसे अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए खतरे बढ़ रहे हैं, वैसे ही इस परिषद को भी होना चाहिए। हम इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर प्रगति को अवरुद्ध करने वालों से वास्तविक सुधार की मांग पर ध्यान देने और इस परिषद को 21वीं सदी के उद्देश्यों के लिए वास्तव में उपयुक्त बनाने में योगदान देने के लिए कहते हैं।'उदाहरण के लिए, जबकि हमें लिस्टिंग पर इन समितियों के निर्णयों के बारे में पता चलता है, लेकिन लिस्टिंग अनुरोधों को अस्वीकार करने के निर्णयों को सार्वजनिक नहीं किया जाता है। यह वास्तव में एक छिपा हुआ वीटो है, लेकिन इससे भी अधिक अभेद्य वीटो है जो वास्तव में व्यापक सदस्यों के बीच चर्चा के लायक है,

### चीन पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को बचा रहा है

कंबोज ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जब आतंकवाद के खतरे से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रतिबद्धता की बात आती है तो 'वैश्विक स्तर पर स्वीकृत आतंकवादियों के लिए वास्तविक, साक्ष्य-आधारित सूची प्रस्तावों को, बिना कोई उचित कारण बताए, अवरुद्ध किया जाना अनावश्यक है और दोहरे भाषण की बू आती है'। यह चीन की ओर परोक्ष हमला प्रतीत होता है, जिसने पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को काली सूची में डालने के लिए 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के तहत भारत की बोलियों को बार-बार अवरुद्ध किया है या तकनीकी रोक लगाई है और परिषद के अन्य सदस्यों ने इसका समर्थन किया है।पिछले साल जून में, चीन, जिसके पास यूएनएससी में स्थायी सीट है, ने लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी साजिद मीर को नामित करने के भारत और अमेरिका के प्रस्ताव को रोक दिया था, जो 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों में शामिल होने के लिए वांछित था, जिसमें मारा गया था। सुरक्षा परिषद की 1267 प्रतिबंध समिति के तहत 2008 में 160 से अधिक लोगों को वैश्विक आतंकवादी घोषित किया गया।

## पाकिस्तान के मुल्तान में इमारत ढहने से 9 लोगों की मौत

पेशावर,एजेंसी। पाकिस्तान के मुल्तान शहर में मंगलवार तड़के एक तीन मंजिला आवासीय इमारत ढह गई, जिससे नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ सरकारी अधिकारी रिजवान कादिर ने कहा कि ढही हुई इमारत का मलबा आसपास के घरों पर भी गिरा, जिससे कई लोग घायल हो गए।उन्होंने बताया कि मृतकों में एक ही परिवार के चार सदस्य शामिल हैं। पाकिस्तान में इमारतों का ढहना आम बात है क्योंकि यहां इमारतों का निर्माण सस्ती निर्माण सामग्री से किया जाता है और लागत में कटौती के लिए सुरक्षा दिशानिर्देशों की अनदेखी की जाती है। जून 2020 में देश के सबसे बड़े शहर कराची में एक इमारत गिरने से 22 लोगों की मौत हो गई थी।

# तमिलनाडु में नागरिकता संशोधन कानून लागू नहीं होगा

## मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने किया ऐलान




चेन्नई,एजेंसी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष एमके स्टालिन ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) संविधान के सिद्धांतों के विपरीत है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि उनके नेतृत्व में तमिलनाडु में सीएए लागू नहीं किया जाएगा।

स्टालिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में यह टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने सीएए की तीखी आलोचना करते हुए तर्क दिया कि यह कुछ धार्मिक समूहों के खिलाफ भेदभाव करता है और भारत के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को कमजोर करता है। स्टालिन ने कहा, ष्सरकार का दृढ़ विश्वास है कि लोगों के बीच विभाजन पैदा करने वाले इस अधिनियम से कोई लाभ नहीं मिलेगा और यह पूरी तरह से अनावश्यक है। इसे निरस्त किया जाना चाहिए क्योंकि यह केवल भारत के लोगों को कष्ट देगा। उन्होंने कहा, मैं इस समय तमिलनाडु के लोगों को दृढ़ता से बताना चाहता हूं कि तमिलनाडु सरकार किसी भी तरह से केंद्र सरकार द्वारा लागू नागरिकता संशोधन अधिनियम को लागू करने की अनुमति नहीं देगी, क्योंकि इससे एकता को नुकसान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा, देश और तमिलनाडु सरकार राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी कानून को शामिल नहीं करेगी। बता दें कि, केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले सोमवार को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए)-2019 को लागू करने की घोषणा की। विवादास्पद कानून को पारित किये जाने के चार साल बाद केंद्र के इस कदम के कारण पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर, 2014 से पहले भारत आने वाले गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता प्रदान करने का रास्ता साफ हो गया है। सीएए के नियम जारी हो जाने के साथ ही अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार इन तीन देशों के प्रताड़ित गैर-मुस्लिम प्रवासियों (हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई) को भारतीय नागरिकता देना शुरू कर देगी। सीएए को दिसंबर, 2019 में संसद में पारित किया गया था और बाद में इसे राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल गई थी।

# मालदीव से भारतीय सैनिकों की वापसी शुरू, 25 सैनिकों ने देश छोड़ा

## मुइज्जू ने कहा था- सादे कपड़ों में भी नहीं रुकेंगी इंडियन आर्मी



मालदीव,एजेंसी।देश के चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के 10 मई तक द्वीपसमूह छोड़ने के आदेश के बाद भारत ने मालदीव से अपने सैनिकों को वापस बुलाना शुरू कर दिया है। मिहारू अखबार ने बताया कि अड्डू के सबसे दक्षिणी एटोल में तैनात लगभग 25 भारतीय सैन्य कर्मियों ने 10 मार्च से पहले देश छोड़ दिया था, वापसी की आधिकारिक शुरुआत पर भारत और मालदीव दोनों ने सहमति व्यक्त की थी। माले और नई दिल्ली के बीच बातचीत के बाद, दोनों पक्ष 10 मई तक देश से 89 भारतीय सैनिकों और उनके सहायक कर्मचारियों की वापसी को पूरा करने पर सहमत हुए थे। मिहारू ने बताया कि तीन भारतीय विमान दो हेलीकॉप्टर और एक फिक्स्ड-विंग विमान - होंगे भारतीय नागरिक कर्मचारियों द्वारा संचालित, पहले ही द्वीप राष्ट्र में आ चुका था। 2 फरवरी को दिल्ली में हाई लेवल मीटिंग हुई। हालाँकि मालदीव या भारतीय अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, मिहारू ने कहा कि मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल ने पुष्टि की है कि भारतीय सैनिकों की वापसी शुरू हो गई है।पिछले साल सत्ता में आने के बाद मुइज्जू ने प्रतिज्ञा की थी कि मालदीव की विशाल समुद्री सीमा पर गश्त के लिए तैनात किसी भी भारतीय सुरक्षाकर्मी को अनुमति नहीं दी जाएगी। भारत के पीछे हटने की समय सीमा नजदीक आते ही मालदीव ने 4 मार्च को चीन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह सौदा मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए है और चीन अपने कर्मचारियों को उसी के तहत प्रशिक्षित करेगा। एक दिन बाद, मुइज्जू ने कथित तौर पर कहा कि 10 मई के बाद किसी भी भारतीय सैनिक, यहां तक कि नागरिक कपड़ों में भी द्वीपसमूह में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# नेतन्याहू से मिले एनएसए अजीत डोभाल

## गाजा में जारी इजराइल-हमास जंग पर चर्चा हुई



नई दिल्ली,एजेंसी।इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की है। बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में चल रही लड़ाई की जानकारी अजीत डोभाल के साथ साझा की है। दोनों देशों की ओर से बंधकों की रिहाई और मानवीय सहायता के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। इस मुलाकात की जानकारी प्रधानमंत्री के सोशल मीडिया हैंडल एक्स के जरिये दी गयी है।

इस बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के निदेशक, प्रधानमंत्री के विदेश नीति सलाहकार और इजरायल में भारतीय राजदूत ने भी हिस्सा लिया।प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आज भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की और उन्हें गाजा पट्टी में लड़ाई के हालिया घटनाक्रम से अवगत कराया। दोनों पक्षों ने बंधकों को छुड़ाने के प्रयास और मानवीय सहायता के मुद्दे पर भी चर्चा की। दोनों पक्षों ने बंधकों को छुड़ाने के प्रयास और मानवीय सहायता के मुद्दे पर भी चर्चा की। डोभाल ने अपने इजरायली समकक्ष तजाखी हानेग्बी से भी मुलाकात की, जो नेतन्याहू के साथ बैठक के दौरान भी मौजूद थे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार क्षेत्र के महत्वपूर्ण नेताओं, जैसे उमिरेट्सनाइट अरब ई, कतर, सऊदी अरब, मिस्र और जॉर्डन के साथ संपर्क में हैं और क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए चर्चा में सक्रिय रूप से शामिल हैं। भारत ने आवश्यक वस्तुओं की खेप भेजकर गाजा में फिलिस्तीनी आबादी को आवश्यक मानवीय सहायता प्रदान करने के प्रयासों का समर्थन किया है।

# पिस्टल निशानेबाज रुद्रांश खंडेलवाल को पैरा विश्व कप में रजत पदक



नयी दिल्ली। भारत के रुद्रांश खंडेलवाल और निहाल सिंह ने सोमवार को यहां पैरा निशानेबाजी विश्व कप के तीसरे दिन मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) स्पर्धा में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। रुद्रांश, निहाल और तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सिंहराज की तिकड़ी ने मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) टीम स्पर्धा का रजत पदक भी जीता। चीन ने स्वर्ण पदक हासिल किया। पिछले साल पेरिस पैरालंपिक का कोटा हासिल करने वाले निशानेबाज रुद्रांश ने फाइनल में 223.2 अंक जुटाए।इटली के डेविड फ्रांसेचेटी ने 230.0 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। निहाल ने 202.8 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले क्वालीफिकेशन दौर में रुद्रांश ने 530 और निहाल ने 527 अंक जुटाकर क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहते हुए आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई। मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) टीम स्पर्धा में रुद्रांश (530), निहाल (527) और सिंहराज(516) ने कुल 1573 अंक के साथ रजत पदक जीता। चीन ने कुल 1611 अंक के साथ स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाला। राइफल निशानेबाज मोना अग्रवाल ही प्रतिष्ठित पैरा विश्व कप में अब तक भारत के लिए स्वर्ण पदक जीत पाई हैं।

# भारत के खिलाफ सीरीज में ओपनर की भूमिका निभाएंगे स्टीव स्मिथ, कोच मैकडोनाल्ड ने दिए संकेत



नई दिल्ली,एजेंसी।मौजूदा समय में ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज के रूप में स्टीव स्मिथ को मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने संकेत दिए हैं कि, ये दिग्गज बल्लेबाज कम से कम इस साल के अंत में भारत के खिलाफ होने वाली घरेलू सीरीज में अपनी ओपनर की भूमिका निभाने के लिए तैयार होंगे। फिलहाल, भारत बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखने के लिए इस साल नवंबर से जनवरी 2025 के बीच ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा। भारत ने 2018-19 और 2020-21 में यह ट्रॉफी बरकरार रखी।वहीं मैकडोनाल्ड ने 'क्रिकेट.कॉम.एयू' से कहा कि, स्मिथ (भारत के खिलाफ चुनौतियों का) इंतजार कर रहा है और मुझे लगता है कि यह उसके लिए आंतरिक प्रेरणा होगी। वह पारी का आगाज करना चाहता है। यह एक ऐसा स्थान है जिसके लिए वह हमारे पास आया और हमें लगता है कि वह इस पर सफल हो सकता है।बता दें कि, डेविड वार्नर ने पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज के साथ टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया। जिसके बाद उनकी जगह इस साल जनवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज से स्मिथ को पारी का आगाज करने का मौका मिला। हालांकि वह सलामी बल्लेबाजों के रूप में काफी प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर पाए। इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने ब्रिसबेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ सिर्फ एक अर्धशतक जड़ते हुए नाबाद 91 रन बनाए जबकि बाकी पारियों में वह 12, 11, 06, 31, 00, 11 और 09 रन ही बना पाए।मैकडोनाल्ड ने हालांकि इन आंकड़ों को काफी तवज्जो नहीं दी। उन्होंने कहा कि, वह इससे निपट लेगा, यह उसके लिए एक नई चुनौती है। कोच ने आगे कहा कि, अगर आप एक नया सलामी बल्लेबाज ला रहे हैं और आपने उसे चार टेस्ट मैच दिए। और फिर कहा कि 'ठीक है, हम इसे चार टेस्ट मैच के बाद बदलने जा रहे हैं'। आप क्या सोचेंगे कि यह उचित है या अनुचित? मुझे लगता है कि यह अनुचित है।इस पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ने कहा कि मौजूदा बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने के लिए किसी भी खिलाड़ी को कुछ विशेष प्रयास करने होंगे। मैकडोनाल्ड ने कहा, ''इसका मतलब यह नहीं है कि बदलाव नहीं होंगे लेकिन फिलहाल हमने यहां (न्यूजीलैंड के खिलाफ) 2-0 से जीत हासिल की है और 12 टेस्ट मैच में से हमने आठ जीते हैं जिनमें से चार हमने विरोधी के मैदान पर (इंग्लैंड और न्यूजीलैंड में) जीते।'


# टी20 वर्ल्ड कप 2024 से बाहर हो सकते हैं कोहली, आईपीएल 2024 साबित होगी लाइफलाइन



नई दिल्ली,एजेंसी।आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए 30 अप्रैल तक सभी टीमों का ऐलान हो जाएगा। बीसीसीआई को भी अपनी टीम अप्रैल के आखिरी सप्ताह या मई के पहले सप्ताह में फाइनल करनी होगी। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक विराट कोहली को स्क्वॉड से बाहर रखा जा सकता है। इसके पीछे का कारण बताया जा रहा है कि वेस्टइंडीज और यूएसए में विकेट धीमे होंगे। ऐसे में उनकी बल्लेबाजी स्टाइल से भारत को फायदा नहीं होगा। हालांकि, एक लाइफलाइन कोहली के पास आईपीएल 2024 है, जिसमें वो बेहतरीन प्रदर्शन करके खुद की जगह बचा सकते हैं। द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार, टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाने के लिए विराट कोहली को आईपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। चयनकर्ता कोहली को टी20 वर्ल्ड कप के लिए चुनने के इच्छुक नहीं हैं, क्योंकि प्रबंधन का मानना है कि अनुभवी खिलाड़ी सबसे छोटे प्रारूप में टीम की जरूरतों को पूरा करने में विफल रहे हैं। कोहली ने टी20 वर्ल्ड कप 2022 के बाद से कोई टी20 इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। वे रोहित शर्मा के साथ अफगानिस्तान टी20 सीरीज में खेले थे, लेकिन ज्यादा सफल नहीं हो पाए थे। दो ही मैच उन्होंने खेले थे। वहीं बोर्ड के सचिव जय शाह ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए रोहित शर्मा को कप्तान बनाए जाने की पुष्टि की है। हालांकि, जब उनसे विराट कोहली के टी20 भविष्य के बारे में पूछा गया तो उन्होंने चुप्पी साध ली। रिपोर्ट में कहागया है कि बोर्ड ने कोहली के चयन की गुत्थी मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर पर छोड़ दी है। ये बहुत नाजुक मामला है। ऐसे में लोग इसमें शामिल होने के इच्छुक नहीं हैं।

# मॉडल्स ने शाही पोशाक पहनकर हीरामंडी द डायमंड बाजार के पहले गाने को किया लॉन्च

बॉलीवुड फिल्मकार संजय लीला भंसाली की आने वाली वेबसीरीज हीरामंडीरू द डायमंड बाजार का पहला गाना ' सकल बन श्रिलीज हो गया है।



भारत में हुए मिस वर्ल्ड 2024 के फिनाले प्रतियोगिता में इस गाने को लॉन्च किया, जहां मिस वर्ल्ड मॉडल्स ने शाही पोशाक में स्टेज पर रैंप वॉक किया। इस दौरान मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख ने भी उनका साथ दिया। इस ऐतिहासिक पल को जिसने देखा वह देखता ही रह गया। 9 तारीख को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हुए प्रोग्राम में सभी मॉडल्स शाही इंडियन लुक में नजर आई। बैकग्राउंड में बज रहे श्सकल बनश् गाने के साथ मॉडल्स ने अपने लुक और रैंप वॉक से स्टेज पर शाही माहौल बना दिया। इस दौरान सोनाक्षी सिंहा, अदिति राव हैदरी, मनीषा कोइराला, संजीदा शेख, शर्मिन सहगल और ऋचा चड्ढा भी डांस करते स्टेज में पहुंची।इस यादगार मूमेंट को जिसने देखा वह देखता ही रह गया, जैसे ही सभी मॉडल्स हैवी ज्वेलरी और ट्रेडिशनल कपड़ों में रैंप पर उतरी सभी की धड़कनें तेज हो गई। सभी का अंदाज काबीले तारीफ था। अदिति ने गाने की सराहना करते हुए मिस वर्ल्ड प्रतियोगियों और हीरामंडी के कलाकारों की रैंप वॉक करते हुए एक क्लिप शेयर करते हुए लिखा- ष्हीरामंडी के पहले गाने को लॉन्च करने के लिए मिस वर्ल्ड 2024 की सुंदरियों के साथ मंच साझा कर रही हूं, रुहीरामंडी से अब सकल बन रुसकलबन गाना रिलीज हो रहा है। डायमंड बाजार के पहले गाने 'सकल बन को अमीर खुसरो ने लिखा है और इसे राजा हसन ने अपनी आवाज में गाया है। भंसाली प्रोडक्शन ने सोशल मीडिया पर 'सकल बन को शेयर करते हुये कैप्शन में लिखा-'सौंदर्य, शक्ति और अनुग्रह के साथ खिलने वाले फूलों के मौसम का जश्न मनाने के लिए वसंत ऋतु में कदम रखें'। डायमंड बाजार वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित,'हीरामंडी''कोठोंश्में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है।

# कृति खरबंदा और पुलकित सम्राट की शादी की जगह फाइनल, गुरुग्राम के आलीशान होटल में होगी शादी

बॉलीवुड अभिनेता पुलकित सम्राट अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड और एक्ट्रेस कृति खरबंदा के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। कई सालों तक डेट करने के बाद अब आखिरकार दोनों 15 मार्च को फेरे लेने जा रहे हैं। बता दें कि ये कपल मुंबई से दूर दिल्ली में सात फेरे लेगा। कृति खरबंदा और पुलकित सम्राट की शादी का जश्न कल से शुरू होने जा रहा है और 16 मार्च तक चलेगा। कपल की शादी के वेन्यू की जानकारी भी सामने आ गई है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो पुलकित और कृति की शादी हरियाणा के मानेसर (गुरुग्राम) में अरावली पहाड़ियों के बीच स्थित आईटीसी ग्रैंड भारत पैलेस में होगी। बता दें कि पुलकित और कृति दोनों दिल्ली से हैं। ऐसे में इस जोड़े ने दिल्ली एनआरसी में ही विवाह स्थल का विकल्प चुना होगा। खबर है कि कपल की शादी से पहले की रस्में भी यहीं होंगी।अगर आयोजन स्थल की बात करें तो हरियाणा के मानेसर में आईटीसी ग्रैंड लगभग 300 एकड़ में फैला हुआ है और अरावली रेंज पर स्थित है। खास बात यह है कि यह प्रकृति से जुड़ा हुआ है और इसमें निजी पूल और 100 डीलक्स सुइट्स के साथ 4 प्रेसिडेंशियल विला हैं। यह पहली सेलिब्रिटी शादी है जो इस आईटीसी ग्रैंड होटल में होने जा रही है।मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो पुलकित और कृति दोनों ही ग्रैंड वेडिंग नहीं करना चाहते हैं और वे सिर्फ परिवार और करीबी लोगों के बीच ही शादी करेंगे। कहा जा रहा है कि उनकी शादी में कोई भी बॉलीवुड स्टार शामिल नहीं होगा। हालांकि, उनके कुछ खास



फिल्मी दोस्त जरूर इसका हिस्सा बनेंगे। दोनों के वर्कफ्रंट की बात करें तो पुलकित सम्राट आखिरी बार हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'फुकरे 3' में नजर आए थे। कृति खरबंदा के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही एक्टर सनी सिंह के साथ फिल्म 'रिस्की रोमियो' में नजर आएंगी।